हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, बुधवार, 4 दिसंबर 2024

तापमान

अधिकतम 30.4 डिग्री

न्यूनतम 11.4 डिग्री

10 वाट्सएप में मैसेज : मिलावट, नशा करने पर होगी कार्रवाई



11 राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित





# सर्वसमाज ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई/दुर्ग

बांग्लादेश में हिंदुओं सहित अल्पसंख्यक समुदाय पर लगातार हो रहे हमलों के विरोध में दुर्ग के राजेंद्र प्रसाद चौक में मंगलवार को बड़ा प्रदर्शन हुआ। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर चौक तक आक्रोश रैली भी हुई। आक्रोश रैली के बाद कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इनमें महिलाओं ने भी बड़ी भागीदारी करते हुए प्रदर्शन किया। कार्यक्रम हिन्दू रक्षा मंच सर्व समाज के द्वारा आयोजित किया। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, विधायक दुर्ग गजेंद्र यादव और रिकेश सेन विधायक वैशाली नगर भी शामिल हुए।






## संत चिन्मयदास को रिहा करने की मांग

डॉक्टर दीप चटर्जी और के पी सिंह , दिलेश्वर उमरे आदि ने कहा कि बांग्लादेश में रह रहे हिन्दूओं का लगातार उत्पीड़न हो रहा है. हिन्दू संतों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके पूजा स्थल, मंदिर आदि पर इस्लामिक कट्टरपंथी निरंतर हमले कर रहे हैं. इसी क्रम में इस्कॉन के संत चिन्मय कृष्ण दास को आतंकवादी की तरह व्यवहार करते हुए उन्हें जेल में डाल दिया गया है. उनके साथ अमानवीय बर्बरता की गई है. विगत कुछ समय से मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश सरकार में हिन्दुओं के घरों में में तोड़फोड़, आगजनी के साथ ही उनके परिजनों पर हमले व मातृशक्ति के साथ दुराचार की घटनाएं लगातार बढ़ी हैं. यहाँ तक की हिन्दू नाम रखने वालों के साथ मारपीट व उनके व्यवसाय पर हमले हो रहे हैं। बांग्लादेश के वर्तमान प्रधानमंत्री मोहम्मद तानाशाह यूनुस के विरोध के नारे भी सर्व समाज द्वारा लगाया गया। इस दौरान नीता जैन अधिवक्ता, प्रो. डॉ . संजीव कर्मकार सर्व समाज समन्वय महासभा, लखन साहू, दीपक साहू, तुलसी साहू, साहू समाज, रश्मि राजपूत राजपूत महिला समाज, व्योम पाद इस्कॉन आचार्य, अजय भसीन व्यापारी संघ, सुनील पटेल, मनीष सोनी मनीष दुबे, अनुज नारद.जितेंद्र वर्मा,महेश वर्मा,दीपक सोनी,मनीष बुचसिया,महेश यादव एवम हिन्दू समाज के सभी प्रतिनिधि समिलित हुए।

## एकजुट होकर हिंदुओं की बने ताकतः मनीष पांडेय



भिलाई। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं संत चिन्मय कृष्णदास की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने भी सर्व समाज द्वारा आयोजित हिंदू आक्रोश रैली में अपनी भागीदारी दी। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं समिति के युवा शाखा जिलाध्यक्ष मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में समिति के सदस्य एवं आमजन दुर्ग राजेंद्र प्रसाद चौक में आयोजित रैली में शामिल हुए और अपना विरोध दर्ज कराया। मनीष पाण्डेय ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले, हत्या, लूट तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार चिंताजनक हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। आज इस हिंदू आक्रोश रैली के माध्यम से हम इस अन्याय और अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमारी मांग है कि हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बंद हो और संत चिन्मय कृष्णदास जी को तत्काल कारावास से मुक्त किया जाए। उन्होंने हिंदुओं एवं समस्त भिलाईवासियों से अपील करते हुए कहा कि सब एकजुट होकर इस कठिन समय में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की ताकत बनें। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, अजय पाठक, जिला अध्यक्ष मदन सेन, महिला शाखा अध्यक्ष शीला बाघमारे, मेघा कौर, पार्षद वीणा चंद्राकर, ईश्वरी नेताम, दिनेश यादव, जे श्रीनिवास राव, दिलीप केशरवानी, विष्णु मिश्रा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### जामुल में टीन काटकर आधा दर्जन दुकानों में चोरी

**भिलाई।** सप्ताह भर के भीतर जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आधा दर्जन दुकानों में चोरी की वारदात हो गई है। जामुल पुलिस चोर को अभी तक नहीं पकड़ पाई है। चोरी की वारदात के चलते दुकानदारों में खौफ है। मिली जानकारी के मुताबिक आशीष ईखर एच पी. पेट्रोल पम्प के सामने धानी डेली नड्स का दुकान कुरुद मे है। 1 दिसंबर को रात दुकान को बंद कर घर लौट गया। सुबह दुकान खोलने पहुचा तो छत मे लगे टीन का सीट टूटा हुआ था। शटर को खोलकर दुकान के अंदर गया सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। दुकान मे लगा कैमरा भी क्षतिग्रस्त था। दुकान से 10 नग सिगरेट पैकेट 1700 रुपये, 10 नग कोल्ड्रीग बोतल 200 रुपये और गल्ला मे रखा तीन हजार गायब मिला। दुकान से कुल 4 हजार 900 रुपये का सामान चोरी हो गया। दूसरी चोरी राजेश कुमार बिसेन का कुरुद में देवभोग मिल्क पार्लर की दुकान है। दुकान मे रखे डेयरी मिल्क चाकलेट 600 रुपये, नगदी 2 हजार रुपये गायब मिला।

### टीआई मोनिका लाइन अटैच

**भिलाई।** एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने मोहन नगर थाना प्रभारी नवी मोनिका मोनिका पाण्डेय को लाइन अटैच करने का आदेश जारी किया है। मंगलवार को जारी आदेश में प्रशासनिक दृष्टिकोण का हवाला दिया गया है। जबकि पूर्व एसपी ने 38 पुलिस कर्मियों की तबादला सूची जारी की थी। जिसमें 7 थाना प्रभारी, चार एसआई और तीन एएसआई भी शामिल थे। निरीक्षक को लाइन भेजने के बाद मोहन नगर थाना की जिम्मेदारी फिलहाल किसी को सौंपा नहीं गया है।

## कायाकल्प : स्वच्छ अस्पताल योजना वर्ष 2023-24 में दुर्ग जिला फिर से पीछे

# प्रदेश के जिला अस्पतालों में दुर्ग सातवें नंबर पर, झीट सीएचसी तीसरे, प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में रसमड़ा पहला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य सरकार की स्वच्छ अस्पताल योजना पुरस्कार में दुर्ग जिले के सरकारी अस्पताल फिर से पिछड़ गए। प्रदेशभर के जिला अस्पतालों की साफ-सफाई व्यवस्था का का आंकलन राज्य स्तरीय गठित टीम ने की। इस टीम की रिपोर्ट के आधार पर अंक मिले हैं उसमें दुर्ग जिला अस्पताल वर्ष 2023-24 के इस योजना में 90.55 प्रतिशत अंक के साथ सातवें स्थान पर है।दुर्ग जिले से विभाजित हुए बेमेतरा जिला अस्पताल को इस योजना में 95.82 प्रतिशत अंक लिया और प्रथम स्थान मिला है। वहीं सुदुर अंचल के कोंडागांव के जिला अस्पताल 93.23 प्रतिशत अंक दूसरे नंबर पर कब्जा कर लिया। राहत की बात यही है कि प्रदेशभर के प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में दुर्ग जिले के रसमड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ने 97.78 प्रतिशत अंक लेकर पहला स्थान लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट 97.29 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### जीतने पर मिलते 50 लाख

इस योजना के तहत पांच पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। दो सर्वश्रेष्ठ जिला अस्पताल।दो सर्वश्रेष्ठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या उप-जिला अस्पतालप्रत्येक जिले में एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र।निर्धारित मानदंडों के आधार पर विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाते हैं। जिला स्तर के अस्पतालों में प्रथम रैंक धारकों को 50 लाख रुपये नकद और समान स्तर पर उपविजेता को 20 लाख मिलेंगे। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप-जिला अस्पतालों को समान मानदंडों के तहत क्रमशः 15 लाख और 10 लाख मिलेंगे। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के विजेताओं को दो लाख रुपये मिलेंगे।




कायाकल्प योजना का उद्देश्य- कायाकल्प योजना का उद्देश्य बेहतर स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इसके जरिए लोगों को अस्पतालों में साफ सफाई के लिए प्रेरित किया जाता है और बेहतर करनेवालों को पुरस्कृत भी करने का प्रावधान है। सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए सहकर्मी समीक्षा शुरू करना और मूल्यांकन संस्कृति जारी रखना। देश भर में स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों द्वारा दी जाने वाली सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए व्यवहार्य रणनीतियां बनाना और साझा करना।

- अस्पतालों के रखरखाव और सुविधा में सुधार ▪ बुनियादी ढांचे को बनाए रखना। ▪ अस्पताल या केंद्र का स्वरूप। ▪ कीटों और जानवरों पर नियंत्रण। ▪ सुविधा के आसपास हरियाली में सुधार। ▪ खुले स्थानों का संरक्षण। ▪ रोशनी और प्रकाश व्यवस्था की स्थिति। ▪ कबाड़ सामग्री हटाने का प्रबंधन। ▪ जल का संरक्षण। ▪ कार्यस्थल का प्रबंधन।

**स्वच्छता एवं स्वच्छता प्रबंधन :**

- वार्डों, शौचालयों, प्रयोगशालाओं, ओपीडी, सहायक और प्रक्रिया क्षेत्रों की सफाई। ▪ मानक सामग्री, उपकरण और सफाई विधियों का उपयोग। ▪ स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी करना और जल निकासी और सीवेज प्रणालियों का प्रबंधन करना।

**सूखा एवं गीला कचरा प्रबंधन :**

- जैव-चिकित्सा अपशिष्ट (बीएमडब्ल्यू) नियमों का कार्यान्वयन।
- बीएमडब्ल्यू के पृथक्करण, संग्रहण और परिवहन की संपूर्ण प्रक्रिया का प्रबंधन करना। ▪ खतरनाक अपशिष्ट प्रबंधन। ▪ ठोस एवं तरल सामान्य अपशिष्ट प्रबंधन। ▪ बीएमडब्ल्यू के लिए आपूर्ति और उपकरणों पर नज़र रखना।

**संक्रमण नियंत्रण प्रबंधन :**

- अतिरिक्त एवं मानक सावधानियां। ▪ रिसाव प्रबंधन। ▪ बाधाओं की देखभाल करना और रोगियों को अलग करना। ▪ अस्पताल भाषा के लिए निगरानी और नियंत्रण कार्यक्रम। ▪ पर्यावरण नियंत्रण।

**स्वास्थ्य देखभाल सहायता सेवाएं :**

- कपड़े धोने और लिनन का प्रबंध करना। ▪ जल को स्वच्छ करना। ▪ स्वच्छ रसोई सेवाएं बनाए रखना। ▪ अस्पताल की सुरक्षा सेवाएं। ▪ आउट-सोर्सिंग सेवाओं का प्रबंधन करना।

**स्वच्छता को बढ़ावा देना :**

- रोगियों और निगरानी समुदाय की भागीदारी। ▪ अच्छी स्वच्छता आदतों के बारे में सूचना, संचार और शिक्षा। ▪ स्वास्थ्य कर्मियों का नेतृत्व और टीम वर्क।

### अर्बन प्राइमरी हेल्थ में दुर्ग जिले के तीन सेंटर

अर्बन प्राइमरी हेल्थ सेंटरों में दुर्ग जिले के तीन सेंटरों ने सात्वना पुरस्कार के दायरे में हैं। इनमें टंकी मरोदा 95.77 प्रतिशत नवमें स्थान पर, पोटियाकला हेल्थ सेंटर 92.69 प्रतिशत अंक लेकर 14 वें और कोसानगर हेल्थ सेंटार 85 प्रतिशत अंक लेकर 24 वें स्थान पर है। बैकुंठधाम हेल्थ सेंटर 79.23 प्रतिशत अंक के साथ 30 वें स्थान पर है।

### प्राइमरी हेल्थ सेंटर में विनर रसमड़ा

प्राइमरी हेल्थ सेंटरों का आंकलन जिला स्तर पर किया गया। दुर्ग जिले के प्राइमरी हेल्थ सेंटरों के बीच प्रतियोगिता चली। जिसमें रसमड़ा हेल्थ सेंटर 97.98 प्रतिशत अंक के साथ विनर रहा। उपविजेता नगपुरा हेल्थ सेंटर 97.22 प्रतिशत अंक लिया है।

### सालाना लाखों रुपए कर रहे सफाई पर खर्च

जिला अस्पताल दुर्ग में साफ-सफाई ठेके पर चल रहा है। हर साल सालाना साफ-सफाई पर 36 लाख से ज्यादा रुपए खर्च किए जाते हैं। ये सफाई अस्पताल के कमरों, नाली आदि के लिए हैं। मरीजों के बेड, आपरेशन थिएटर सहित अन्य की साफ-सफाई में भी अलग मदों से लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उसके बावजूद हर साल प्रदेश स्तरीय काायाकल्प योजना में पिछड़ जाते हैं। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी लाखों रुपए सफाई पर खर्च हो रहे हैं।

## स्कार्पियों की ठोकर से स्कूटी सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तेज रफ्तार से आ रही स्कार्पियों चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार को जोरदार ठोकर मार दी।



- गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल था
- घायल ने अस्पताल में दम तोड़
- छावनी थाना क्षेत्र की घटना

हादसे में गंभीर रुप से घायल स्कूटी चालक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। घटना 28 नवम्बर की है। पांचवे दिन अस्पताल में स्कूटी चालक की मौत हो गई। जिसका फुटेज भी पुलिस को मिल गया है। मिली जानकारी के मुताबिक सुभाष नगर वार्ड 29 भिलाई निवासी सुभाष शर्मा अपनी स्कूटी सीजी 07 सीएफ 8972 से शाम को घर से निकले थे। इस दौरान नंदिनी रोड में स्कार्पियों चालक ने लापरवाही पूर्व तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार सुभाष शर्मा के वाहन को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में सुभाष शर्मा सड़क पर गिर पड़े घटना में उन्हें सिर समेत शरीर के विभिन हिस्सों में गंभीर चोट आई।। पहले आसपास के लोगों ने घायल को तुरंत लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचाया। जहां से उसे गंभीर अवस्था में राम नगर स्थित निजी अस्पताल में अपचार के लिए ले जाया गया। चार दिन उपचार के बाद 2 दिसंबर को सुभाष ने दम तोड़ दिया। ठोकर मारने वाला स्कार्पियों चालक मौके से तुरंत भाग निकला। मृतक याडमंड फर्नीचर के संचालक थे। घटना का सारा वीडियों सीसी कैमरे में कैद हो गया। आरोप है कि स्कार्पियों चालक ने जानबूझकर सुभाष शर्मा के वाहन को ठोकर मारने जैसा प्रतीत हो रहा है। पुलिस जांच के बाद ही घटना पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा। घटना की जानकारी लगने पपर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। शव को पीएम कर परिजनों को सौंपा गया। जहां मंगलवार को राम नगर मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मृतक सुभाष शर्मा विश्वकर्मा समाज कल्याण केंद्र भिलाई नगर अध्यक्ष व छत्तीसगढ़ी भोजपुरी परिषद के कोषाध्यक्ष थे।

### शो रुम व सर्विस सेंटर के कर्मियों से पूछताछ

छावनी पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस ने आसपास के वाहन शोरूम और सर्विस सेंटर के कर्मियों से भी पूछताछ कर रही है। क्षेत्र के सारे स्कॉर्पियो वाहन चालको की जानकारी भी जुटाई जा रही है। आरोपी चालक स्वयं सरेंडर करने पर मोटर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। पुलिस के खोजने पर गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाएगा।

## गाली गलौज करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



स्कूटी से अपने घर जा रहे युवक के वाहन को ठोकर मारकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 281, 296, 351(2), अआर्म्स एक्ट, 115(2), 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने शिवाजी चरोदा सुनील हरपाल अपने घर जा रहा था। रविवार को बाजार लगा हुआ था। इस दौरान चरोदा दादर रोड के पास आरोपी विष्णु सोलंकी ने अपने वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कुटी को ठोकर मार दिया। इसके बाद प्रार्थी को आरोपी ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। आरोपी अजीत सोलंकी उर्फ अज्जु, विष्णु सोलंकी हाथ मुक्का से मारपीट भी किया। आरोपी ने चाकू दिखाकर परिवार समेत जान से मारने की धमकी दे डाली। परेशान प्रार्थी ने घटना की शिकायत करने भिलाई तीन पुलिस थाने पहुंचा। आरोपियों की पतासाजी कर उसे गिरफ्तार किया गया। जबकि विष्णु सोलंकी मौके से ही फरार है। आरोपी अजीत सोलंकी से पूछताछ करने पर पुलिस को बताया कि विष्णु सोंलकी के साथ रविवार बाजार चरोदा दादर रोड के पास घटना करना स्वीकार किया।

## पुरानी रंजिश के चलते मारपीट, कार में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 296, 335, 115, 324, 351, 3(5) के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि सुभद्रा गोस्वामी और मनोज यादव, प्रकाश यादव के साथ दोनों परिवारों की पुरानी रंजिश है। सोमवार की देर रात को दोनों ही परिवार एक दूसरे से गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट किया। घटना में कुछ लोगों को चोट भी आई है। मामला शांत होने के बाद मंगलवार को कार जलाने को लेकर फिर दोनों पक्षों में बड़ा विवाद खडा हो गया। विवाद बढ़ने के बाद जेवरा सिरसा पुलिस चौकी लोग पहुंचने लगे। भीड़ को देख पुलिस बल पहुंची। प्रार्थिया सुभद्रा गोस्वामी की शिकायत पर मनोज यादव, प्रकाश यादव व अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। वहीं शिवानी यादव की शिकायत पर सोनिया गोस्वामी समेत अन्य के खिलाफ कार्रवाई पुलिस ने किया है। फिलहाल मामले को लेकर जेवरा पुलिस जांच में जुटी हुई है। मंगलवार की सुबह से ही दोनों पक्षों में आक्रोश में आ गए। शाम होते ही फिर दोनों पक्ष के बीच फिर से मारपीट हुई। पुलिस मामले को सुलझाने में लगी हुई थी।

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री




916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
★ 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
★ टोटल हाल मार्क जेवर
★ स्पेशल पर्स, बैग फ्री
★ रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

## आगामी चार दिनों तक रहेगा मौसम का ऐसा ही हाल


# दिनभर छाई रही बदली, शाम को सेक्टर एरिया में हल्की बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी में मंगलवार को पूरे दिन बदली छाई रही। सुबह हल्का कोहरा भी दिखाई दिया। तेज नम हवाएं चल रही थी। दोपहर को कई बार मौसम में उतार-चढ़ाव होता रहा। शाम होते ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे। शाम 4 बजे से ही काले बादल छाने लगे। ये बादल मरोदा सेक्टर, सेक्टर 6 और सिविक सेंटर के कुछ हिस्सों में बारिश के रूप में परिवर्तित होकर गिरा। रात में भी कोहरे जैसी स्थिति बन गई। इधर मौसम विभाग ने मौसम की ऐसी स्थिति आने वाले चार दिनों तक रहने की संभावना जताई है।

### जानिए वेदर समरी

मौसम विभाग के मुताबिक भिलाई दुर्ग सहित प्रदेश में एक दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है। सर्वाधिक वर्षा कोटा स्टेशन में 5 सेंटीमीटर वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक अधिकतम तापमान 32.1डिग्री सेल्सियस दंतेवाडा में तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री सेल्सियस बलरामपुर में दर्ज किया गया।



### इस तरह बन रहा सिनोष्टिक सिस्टम

मौसम विभाग के मुताबिक तटीय कर्नाटक और उससे सटे पूर्वी मध्य अरब सागर पर सुबह का निम्न दवाव क्षेत्र पश्चिम की ओर बढ़ गया है। यह 3 दिसंबर को 14.30 बजे आईएसटी पर पूर्वी मध्य अरब सागर और उससे सटे तटीय कर्नाटक पर स्थित था। संबंधित चक्रवाती परिसंचरण मध्य क्षोभमंडल स्तर तक फैला हुआ है। अगले 2 दिनों के दौरान इसके पूर्वी मध्य अरब सागर पर पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने की संभावना है।

### बंगाल की खाड़ी में आ रही है भारी नमी

मौसम विभाग के मुताबिक देश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी आ रही है। जिसके कारण प्रदेश के बस्तर संभाग और उससे लगे जिलों में बादल छाए रहने तथा हल्की बारिश की संभावना है। प्रदेश शेष हिस्सों में मौसम शुष्क करने की संभावना है। प्रदेश के उत्तरी भाग में न्यूनतम तापमान में गिरावट होने की संभावना है साथ ही अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है। आगामी 14 घंटो में छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अगले 4 दिनों में न्यूनतम तापमान में 2-4C तक की क्रमिक गिरावट होने की संभावना है। इन चार दिनों में दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक दो स्थानों में आकाश मेघमय रहने व हल्की वर्षा हो सकती है।

### ठंड हुई कम, तापमान 5.2 डिग्री ज्यादा

मौसम विभाग ने मंगलवार भिलाई-दुर्ग का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया है। यह सामान्य से 5.2 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। जिसकी वजह से ठंड कम हो गई है और गर्मी का एहसास लोगों को होने लगा है। अधिकतम तापमान भी 30.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जो सामान्य से 2.7 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। न्यूनतम व अधिकतम तापमान दोनों सामान्य से अधिक रहा। इसलिए तापमान बढ़ा है। वातावरण में आर्द्रता का प्रतिशत सुबह 8.30 बजे 83 प्रतिशत और शाम 6.30 बजे 56 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

## खबर संक्षेप



### पीएससी में सफलता पर एडीएम ने दी बधाई

दुर्ग। नगपुरा निवासी उत्तम महोबिया पिता स्व शिव कुमार महोबिया का छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग परीक्षा 2023 में टॉप टेन में आकर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग के पद पर चयन होने पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के प्रतिनिधि के रूप में जिला प्रशासन से अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अरविन्द कुमार एक्का, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी, सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग हेमंत सिन्हा एवं अतिरिक्त तहसीलदार हुलेश्वर खूंटे ने ग्राम नगपुरा में उनके निवास स्थान पहुँच कर उत्तम को बधाई दी। उत्तम महोबिया के साथ उनके परिवार में उनकी माता सहित उनकी बहनों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी गई। उत्तम शुरू से मेधावी छात्र रहें है। प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल, हाई, हायर सेकेण्डरी तक स्कूली शिक्षा ग्राम नगपुरा में ही हुआ है। श्री महोबिया तीसरे प्रयास, तीसरे इंटरव्यू दिए थे और टॉप टेन में सफलता अर्जित किया है।

### प्राचार्य व प्रधानाचार्यों की बैठक संपन्न



दुर्ग। चयनित विद्यालय के प्राचार्य प्रधानाचार्य व पूर्व छात्र प्रमुख आचार्यों की एक दिवसीय बैठक सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसारीडीह दुर्ग में आयोजित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के प्रादेशिक सचिव विवेक सक्सेना उपस्थित हुए तथा मार्गदर्शन प्रदान किए। उक्त अवसर पर विभाग प्रमुख राघवेंद्र मिश्रा जिला प्रतिनिधि, डॉक्टर नीलेश शर्मा तथा 11 विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधानाचार्य एवं कंप्यूटर शिक्षक उपस्थित थे। जिसमें 1 से 15 जनवरी तक पूर्व छात्रों से संपर्क अभियान व विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। अतिथि परिचय व आभार दीपक सोनी दुर्ग विभाग समन्वयक द्वारा किया गया ।

### सोनम को पी.एच.डी. की उपाधि मिली



दुर्ग। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल सेक्टर 6 भिलाई (छत्तीसगढ़) में सहायक शिक्षक के पद में कार्यरत सोनम कौर वाधवा को मैट्स यूनिवर्सिटी रायपुर द्वारा कॉमर्स में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होने इम्पैक्ट ऑफ सर्विस क्वालिटी ऑन कस्टमर लॉयल्टी ए स्टडी ऑन सर्वक्वाल मॉडल इन सिलेक्टेड प्राइवेट सेक्टर बैंक्स ऑफ रायपुर डिवीज़न इन छत्तीसगढ़ विषय पर शोध किया है। शोध कार्य प्रोफेसर डॉ. उमेश गुप्ता विभागाध्यक्ष मैट्स स्कूल ऑफ़ बिज़नेस स्टडीज़, मैट्स यूनिवर्सिटी, रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया है। सोनम कौर वाधवा, डॉ. दलजीत सिंह वाधवा की धर्मपत्नी है, जो भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी दुर्ग, मैनेजमेंट विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत है।

# अनुपस्थित अफसरों का मांगा ब्यौरा, ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर ने टीएम की बैठक में पिछले तीन माह से अनुपस्थित कर्मचारी और अफसरों की जानकारी मांगी हैं, वहीं उन्होने कहा कि, जतन योजना के तहत स्कूल भवन नही बनाने वाले ठेकेदारों को ब्लेक लिस्टेट किया जाए। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का फिर से निपटारा करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर ने सार्थी पोर्टल में दर्ज प्रकरणों के संबंध में अवगत कराया कि, सार्थी पोर्टल में आम लोगों की आवेदन के अलावा जनसमस्या निवारण शिविर के लंबित प्रकरण भी शामिल किये गये है।

## कलेक्टर ने की समय-सीमा लंबित प्रकरणों की समीक्षा

### मतदान केन्द्रों में निरिक्षण करेगें एसडीएम

कलेक्टर ने सभी एसडीएम को क्षेत्र से संबंधित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण, अवलोकन कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने कहा है। जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के सीएमओ संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर मतदाता संख्या आदि के संबंध में अवगत कराएं। निर्वाचन कंट्रोल रूम स्थापित कर अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी को मतगणना स्थल चयन कर आवश्यक व्यवस्थाएं और चुनाव संबंधित लंबित शिकायतें, अपील प्रकरण को समय पर निराकरण हेतु निर्देशित किया।



### पंचायत में गबन राशि की होगी वसूली

कलेक्टर ने कहा कि, सांसद एवं विधायक निधि से ऐसे कार्य जो स्वीकृत है और एक वर्ष से अधिक हो गये कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, संबंधित निर्माण कार्य एजेंसी विभाग, ऐसे कार्यों की जानकारी जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग उपलब्ध कराएं। कलेक्टर ने अवगत कराया कि, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य एवं पशुपालन व अन्य संबंधित विभाग की शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने समिति स्तर पर कृषक पंजीयन जरूरी है। उन्होंने जनपदवार पंचायत गबन राशि की समीक्षा कर अधिकारियों को वसूली हेतु आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये।

कलेक्टर ने जिले में नगरीय निकायों एवं पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने समस्त विभाग के प्रमुख अधिकारियों को विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों की डाटा एन्ट्री एलएमएस की पोर्टल में कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव में वाहनों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विभागों में उपलब्ध वाहनों की जानकारी, यदि विभाग में वाहन नहीं है, ऐसी स्थिति में किराये से उपयोग में लायी जा रही वाहनों की जानकारी जिला निर्वाचन कार्यालय को शीघ्र उपलब्ध करायी जाए। इसी प्रकार विभाग में वाहन नहीं है, लेकिन ड्राइवर पदस्थ है, तो इसकी भी पृथक जानकारी दी जाए।

## धीमी रफ्तार : 15 दिन में सिर्फ 13 फीसदी रकबे पर खरीदी

# ढाई माह में होगी सिर्फ 52 फीसदी पंजीकृत रकबे पर धान की खरीदी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

समर्थन मूल्य पर चल रहे धान खरीदी की धीमी रफ्तार प्रशासन की पोल खोल दी हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा तो ढाई माह में सिर्फ 52 फीसदी पंजीकृत रकबे पर खरीदी हो पाएगी। यह हम नही कह रहे है, बल्कि पिछले पन्द्रह दिन की खरीदी आंकडे बयां कर रहे हैं। जिसका प्रमुख कारण टोकन समय पर नही मिल पाना और एकमुश्त धान की खरीदी नही होने के कारण सामने आ रहा हैं। जिससे किसान परेशान हैं।

पिछले पन्द्रह दिन की खरीदी के आंकडे पर गौर किया जाए तो सिर्फ तेरह फीसदी पंजीकृत रकबे पर धान खरीदी गई हैं। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि, धान खरीदी की प्रक्रिया बेहद धीमी चल रही हैं। अगर पन्द्रह दिन में तेरह फीसदी रकबे पर खरीदी हुई है तो बाकी के 44 दिन में 39 फीसदी यानि ढाई माह में सिर्फ 52 फीसदी रकबे पर ही खरीदी होगी। अगर प्रशासन द्वारा धान खरीदी की रफ्तार नही बढाई गई तो हजारों पंजीकृत किसानों के रकबे पर खरीदी नही होगी। जानकारी अनुसार इस बार जिले में एक लाख 14 हजार 787 किसानों ने एक लाख 22 हजार 383 हेक्टेयर रकबे पर पंजीयन कराया है। किसानों से प्रति एकड 31 क्विंटल के हिसाब से एक हेक्टेयर में 77 किलो पांच सौ ग्राम खरीदी की जा रही हैं। विगत चौदह नंवबर से अब तक पन्द्रह दिन धान खरीदी हुई हैं। इसमें प्रति हेक्टेयर 77.50 किलो के अनुमान से 16 हजार 456 हेक्टेयर में सिर्फ 12 लाख 23830 क्विंटल की खरीदी हुई हैं। नवंबर में तेरह दिन और दिसंबर में दो दिन मिलाकर पन्द्रह दिन की खरीदी हो चुकी हैं। वहीं अब दिसंबर और जनवरी में सिर्फ 42 दिन की खरीदी होगी। इसमें शनिवार और रविवार को खरीदी बंद रहती हैं, वही अन्य सरकारी अवकाश के चलते किसानों के पास गिनती के ही दिन बचे हैं।

## दिसंबर और जनवरी में सिर्फ 44 दिन होगी खरीदी



### निगरानी समिति गठित करने की मांग

दुर्ग नगर निगम के पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ. प्रतीक उमरे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से धान खरीदी के लिए निगरानी समिति बनाने का आग्रह किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ.प्रतीक उमरे ने बताया कि, धान खरीदी में अनियमितता रोकने निगरानी समिति अत्यंत आवश्यक है। केंद्रों में सूखत के नाम से एक्स्ट्रा खरीदी कर किसानों की जेब में डाका डालने का खेल खेला जाता है, शासन के नियम के अनुसार एक बारदाने में 40 किलो धान भरा जा सकता है। उसमें बारदाने के वजन के बदले 680 ग्राम ज्यादा धान भरने की छूट है। इस छूट की आड़ में कुछ समिति वाले 800 ग्राम से एक किलो ग्राम तक एक्स्ट्रा धान भरते हैं। किसान आपत्ति करे तो कह दिया जाता है कि, परिवहन समय पर नहीं होने से धान फड़ में पड़े रहने से सूखता है।

### अब साठ फीसदी आनलाइन टोकन का फार्मूला

आनलाइन टोकन में दिक्कत आने के बाद हाल ही में राज्य शासन द्वारा आदेश जारी किया गया हैं, जिसमें साठ फीसदी आनलाइन और चालीस फीसदी टोकन सोसायटी से कांटे जाने के निर्देश दिए है। लेकिन इसके बाद भी सोसायटी में किसानों को सात दिन आगे का टोकन तारीख दिया जा रहा हैं। जिससे मिंजाई के बाद उपज का संभालना किसानों के लिए परेशानी बन गई हैं।

### कांग्रेसियों ने तोड़ी चुप्पी लगाए आरोप

किसानों की समस्या को लेकर पिछले लंबे समय से मौन धारण किए हुए कांग्रेसियों ने अब जाकर किसानों की पीडा महसूस की हैं। मंगलवार को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, पूर्व विधायक अरूण वोरा, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख सहित कांग्रेसी धान खरीदी केंद्र कोलिहापुरी, सोमनी, भिलाई तीन, जामगांव आर ,पाटन, कुम्हारी, अहिवारा, मुरमुंदा आदि धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। किसानों की समस्या जानने पहुंचे थे। अरुण वोरा ने कहा कि, 14 नवंबर से 31 जनवरी तक ही धान खरीदा जाना है, किंतु किसानों को टोकन नहीं दिया जा रहा है। सरकार इस वर्ष 160 लाख मीट्रिक टन के खरीदी लक्ष्य को पूरा नहीं करना चाहती है, जिस कारण सोसायटियों को सीमित खरीदी करने निर्देशित किया गया है। बारदानों की व्यवस्था तक कर पाने में सरकार असफल है। भाजपा ने चुनावी वादे में 3100 रु की दर से 21 क्विंटल धान खरीदने का वादा किया था, किंतु उसके बाद केंद्र सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 117 रु बढ़ाया गया। जिससे अब 3217 रु की दर से अन्नदाता को भुगतान होना चाहिए। पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि, भाजपा सरकार बनने के बाद अपने वादे से मुकर गई है ना सिर्फ अनावरी रिपोर्ट गलत दिखा कर 14-15 क्विंटल ही धान लिया जा रहा है, बल्कि सिर्फ 2300 की दर से भुगतान किया जा रहा है। इस दौरान दुर्ग जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व महापौर निर्मल कोसरे, जनपद सदस्य टिकेश्वरी देशमुख, जितेन्द्र साहु मौजूद थे।

# वाट्सएप में मैसेज : मिलावट नशा करने पर होगी कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वास्थ्य विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस नंबर पर अब खाद्य सामानों में मिलावट की शिकायत और नशाखोरी के मामले पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों को निर्देश दिए गए हैं।

- स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया टोल फ्री वाट्सएप नम्बर

इसी के तहत जिले में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा एक्ट 2003 की धारा 04 (सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध) एवं धारा 06 (नाबालिकों एवं शैक्षणिक संस्थानों के आस-पास सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध) चालानी कार्यवाही होगी।

### चौबीस घंटे सक्रिय रहेगा नंबर

टोल फ्री नंबर के माध्यम से यदि विद्यालयीन, महाविद्यालयीन शिक्षकगणों द्वारा अथवा जागरूक आम नागरिकों द्वारा उक्त गैर कानूनी कृत्य की जानकारी सातों दिन 24 घंटे टोल फ्री वाट्सअप नम्बर में वाट्सअप मैसेज के माध्यम से भेज सकते है। जिसके उपरान्त आये वाट्सअप मेसेजेस को सतत मानिटरिंग कर त्वरित कार्यवाही किया जाएगा।

सी.एम.एच.ओ. डॉ. मनोज दानी से मिली जानकारी अनुसार जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर सिगरेट व तम्बाकू के अन्य उत्पादों के उपयोग को रोकने हेतु जिला स्वास्थ्य समिति, दुर्ग द्वारा एक टोल फ्री वाट्सअप नम्बर 9770965587 जारी किया गया है।

### रिटायर्ड प्रबंधक को दी गई श्रध्दांजलि



दुर्ग। जिला अल्पसंख्यक बचत सहकारी सांख़ समिति मर्यादित पुराना बस स्टैंड दुर्ग में पदस्थ प्रबंधक बीआर श्रीवास का दुर्घटना हो जाने से रायपुर निवास में निधन हो गया। दुर्ग पंचसील नगर बघेरा निवासी स्वर्गीय बीआर श्रीवास जिला केंद्रीय सहकारी बैंक दुर्ग से प्रबंधक पद से रिटायर्ड हुए थे। संस्था कार्यालय में शोकसभा आयोजित कर संस्था अध्यक्ष रऊफ कुरैशी उपाध्यक्ष हनीफ भिंडसारा, नजहत परवीन पार्षद संचालक गण, बहादुर अली थरानी, मकबूल अली, मंजूर अंसारी, शमसुद्दीन थरानी, नदीम आदमी, शाहबाज कुरैशी कैशियर, कुमारी साजिया लिपिक, आमीन खोखर लिपिक ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शहर की सफाई में कोताही बरतने वालों पर होगी कार्रवाई: कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



कमिश्नर सुमित अग्रवाल अपने निरन्तर मॉर्निंग विजिट पर वार्ड क्रमांक 54 टीचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया। पश्चात वार्ड 53 माता तालाब पहुंचकर सुपरवाइजर व सफाई कर्मियों को नियमित रूप से तालाब व परिसर के आस पास सफाई करने के निर्देश दिए। कमिश्नर वार्ड 50 बोरसी क्षेत्र स्थित दोनों शौचालय का अवलोकन कर शौचालय में बेहतर सफाई करने की बात कही। उन्होंने एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर नियमित रूप से वार्डो की निगरानी करने की बात कही। शहर व दुकान के बाहर सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाही के निर्देश दिए। कचरा संग्रहण वाहनों से वार्डों की निगरानी करे। स्वच्छता दीदी व सफाई मित्र को हर घर से नियमित रूप से कचरा इकठ्ठा करने के लिए कर्तव्य निभाना है। कमिश्नर ने अपील की कि नाली ओर खुले स्थानों पर कचरा ना फेके। शहर को स्वच्छ रखना आपकी भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियों को डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण में किसी प्रकार की समस्या आ रही हो तो इसकी जानकारी निगम के अधिकारियों को दें, ताकि समय पर उसका निराकरण कराया जा सके।

- गंदगी फैलाने वालों पर भी कार्रवाही के निर्देश

# दो फुटकर व्यापारियों से 24 क्विंटल धान जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



धान का अवैध व्यापार के संबंध में जिले में लगातर जांच की जा रही है। इस दौरान राजस्व व मंडी की संयुक्त टीम ने आज अहिवारा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर दबिश दी।

- धान का अवैध व्यापार के संबंध में जांच

कार्रवाई के दौरान दो फुटकर व्यापारियों द्वारा भण्डारण कर रखे गए 55200 रुपए का 24 क्विंटल धान जब्त किया गया। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने धान खरीदी के दौरान बाहर से धान लाकर उपार्जन केन्द्र में कोई भी व्यापारी पात्रता के नाम पर खपाने न पाए। इस पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए इसके लिए जिले एवं ब्लाक स्तर पर टीम गठित की गई, जो लगातार दबिश देकर जांच कर रही है। जांच के दौरान कई स्थानों पर धान का अवैध भण्डारण करना भी पाया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार आज भी राजस्व एवं मंडी की संयुक्त टीम ने अहिवारा क्षेत्र में अनेक स्थानों दबिश देकर जांच की। जानकारी के अनुसार संयुक्त टीम में शामिल नायब तहसीलदार कुंदन शर्मा एवं मंडी उपनिरीक्षक दिनेश शर्मा ने जांच के दौरान ग्राम मुरमुंदा निवासी अशोक जैन के द्वारा बोरियों में भरकर 12 क्विंटल धान भण्डारण कर रखा जाना पाया गया इसी प्रकार ग्राम मोहन्दी में डामेन्द्र साहू ने भी 12 क्विंटल धान का भण्डारण कर रखा था मामले में दोनों के खिलाफ अवैध व्यापार के संबंध में प्रकरण दर्ज कर मण्डी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए उनके द्वारा भण्डारित कर रखे गए धान जब्त की गई।

### जिले में अब तक 196 क्विंटल धान जब्त

धान खरीदी शुरू होने के बाद से जिले में लगातार मंडी एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है अब तक अवैध व्यापार के संबंध में कुल 12 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए जा चुके है, इन सभी से अवैध रूप से भण्डारित कर रखे गए कुल 196 क्विंटल धान जब्त किए गए हैं।

## घनश्याम कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

# उपभोक्तावाद एवं क्राइम पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत "उपभोक्तावाद एवं साइबर क्राइम" जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

- साइबर क्राइम से बचने की दी गई जानकारी

जिसमें मुख्य वक्ता के रूप से दिनकर सबनीस, राष्ट्रीय संगठन मंत्री (अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत) एवं वरिष्ठ प्रचारक (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ), देवाशीष घोष, जिला अध्यक्ष दुर्ग, दिलीप देशमुख संरक्षक एवं वरिष्ठ मार्गदर्शक, डॉ. संकल्प राय शाखा प्रमुख दुर्ग-भिलाई (साइबर क्राइम) तथा उनके सहयोगीगण, दयानंद शिक्षा समिति की उपाध्यक्ष आभारानी गुप्ता, उपप्राचार्य डॉ. नीतू सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. निशा श्रीवास्तव, समस्त सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण तथा समस्त छात्राएँ उपस्थित रहें। अतिथियों का स्वागत पौधा देकर किया गया। श्री दिनकर सबनीस ने अपने वक्तव्य में उपभोक्तावाद के बारे में चर्चा करते हुए बताया कि, समाज में दूसरों से बेहतर दिखने की प्रवृत्ति ही उपभोक्तावाद को प्रभावित करता है। उपभोक्तावाद का बढ़ना विशेष रूप से विज्ञापन एवं डिजिटल प्लेटफार्म के द्वारा किया जाने को बताया। बढ़ते हुए उपभोक्तावाद को देखते हुए ग्राहक को सावधानी के साथ-साथ जागरूक होना भी आवश्यक बताया तथा समस्या आने पर संगठन से सम्पर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराने को कहा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रथम ग्राहक कानून लाने वाला अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत संघ ही है।

### वेबसाइट से जानकारी लेकर बचे

डॉ. संकल्प राय ने अपने वक्तव्य में साइबर क्राइम के द्वारा होने वाले अपराधों से बचने के लिए भारत सरकार द्वारा चलाए गए विभिन्न वेबसाइटों के बारे में जानकारी प्रदान कि, जिसमें उन्होंने चक्षु, साइबर प्रहरी जैसे कई वेबसाइटों के बारे में बताया जिसका उपयोग करके साइबर ठगी से बचा सकता है। कई प्रकार के अपराधों एवं धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। उन्होने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि, जागरूकता एवं सजगता से खुद को साइबर ठगी एवं अपराधों से बचाया जा सकता है व उनके सहयोगियों के द्वारा भी साइबर क्राइम पर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई जो प्राध्यापकों एवं छात्राओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रहीं। समस्याओं के निदान के लिए आपातकालीन 1930 को बताया गया।



## खबर संक्षेप



### गुरुकुल कंप्यूटर सेंटर का किया उद्घाटन

**अंडा।** ग्राम अंजोरा में गुरुकुल कंप्यूटर सेंटर के उद्घाटन अवसर पर आयोजित निःशुल्क मुख्यमंत्री कौशल योजना मार्कशीट वितरण एवं सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में युवाओं को कौशल विकास के महत्व को समझाया और शासन की इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर गिरीश कुमार साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा अंजोरा, अल्का बाघमार उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, पुराण देशमुख महामंत्री, नागेश्वर देशमुख युवा मोर्चा अध्यक्ष, सुरेश साहू भोथली सरपंच, रुपेश देवांगन क्षेत्रीय प्रबंधक आईसेक्ट राजनांदगांव, कवर्धा, अश्वनी देशमुख गुरुकुल संस्थापक, धन्नु देशमुख सरपंच थनौद प्रतिनिधि, हरेंद्र घृतलहरे, जनपद सदस्य संगीता माखन साहू सरपंच अंजोरा एवं समस्त गुरुकुल का स्टाफ व बड़ी संख्या में अंजोरावासी और विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

### ओड़ारसकरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ 10 से

**अंडा।** ग्राम ओड़ारसकरी में 10 दिसंबर से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह स्व. भारत लाल देशमुख एवं स्व. कस्तूरबा बाई देशमुख की पुण्य स्मृति में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



व्यासपीठ पर भगवताचार्य संत श्री निरंजन महराज श्री भागवत आश्रम लिमतरा, परायणकर्ता परमेश्वर तिवारी होंगे। कार्यक्रम 10 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक होगी। कथा का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक की जाएगी।

### मीना बनी छग मानवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की केंद्रीय उपाध्यक्ष

**कुम्हारी।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने अपने केंद्रीय टीम में कुम्हारी निवासी मीना वर्मा को उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है और उन्हें समर्पण भाव से समाज सेवा करने की उम्मीद जताई। अपनी नियुक्ति के लिए मीना वर्मा ने केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप का आभार व्यक्त किया है। मीना वर्मा नियुक्ति की खबर के बाद समाज में हर्ष का माहौल है। वहीं समाज के युवाओं और महिलाओं ने उनके नेतृत्व की सराहना की। बता दे कि मीना वर्मा को उनकी नेतृत्व क्षमता, सहनशीलता और समाज के प्रति समर्पण के लिए जाना जाता है। वे पिछले बीस वर्षों से समाज के अन्य पदों पर सक्रिय भागीदारी निभा चुकी है। इससे पहले भी केंद्रीय कार्यकारिणी, महिला महामंत्री, महासचिव एवं राज प्रधान के पद पर वे अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। बलौदाबाजार के अर्जुनी में आयोजित केंद्रीय कार्यकारिणी एवं शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम में केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप ने केंद्रीय टीम के साथ प्रदेश महिला अध्यक्ष एवं युवा अध्यक्ष की नियुक्ति की। जिसमें उन्होंने अपने टीम में तीन उपाध्यक्ष की नियुक्ति की है।



## निधन

### सुभास शर्मा

**भिलाई।** नंदनी रोड सुभाष कालोनी निवासी सुभास शर्मा उम्र 75 वर्ष का आकस्मिक निधन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया गया। वे विश्वकर्मा समाज कल्याण केंद्र भिलाई नगर के अध्यक्ष थे।



## बदहाल सड़क पर आवागमन से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

# रनचिरई-गुण्डरदेही जर्जर सड़क पर आवागमन करने को लोग विवश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

अब कब और कैसे होगा रनचिराई (जामगांव आर) से गुण्डरदेही जर्जर सड़क का चमचमाती निर्माण। अपने कांग्रेस शासन काल में मुख्यमंत्री के करीबी होकर भी विधायक कुंवर सिंह निषाद सड़क निर्माण कराने में असफल रहे और अब प्रदेश में भाजपा की सरकार है जबकि उनके शासन के समय गांव-गांव में चमचमाती सड़के बनी। यह ज्वलंत प्रश्न आम जनता के जुबान पर छाई हुई है। वोट के मालिक आम मतदाता को उत्तर किनसे मिलेगा किनसे पूछा जाए यह भी समझ नहीं आ रही है। वोट दे दिए कांग्रेस को बन गए पुनः कांग्रेसी विधायक कुंवर सिंह निषाद और प्रदेश में बन गई भाजपा सरकार। आंसू बहाने विवश है रनचिराई गुण्डरदेही की जर्जर सड़क। दो पाटन के बीच में साबुत बचा ना कोय वाली कहावत को चरितार्थ कर रही। अब विधायक विपक्षी रोल में सक्रिय भूमिका निभाकर रनचिराई गुण्डरदेही जर्जर सड़क को बनवाकर दो बार विधायक चुनने वाले आमजनता का आभार माने। लोकनिर्माण अधिकारी श्री बंजारे कहते है शासन में प्रस्ताव भेजे जा चुके हैं। स्वीकृति मिलने पर कार्य किया जा सकेगा। उल्लेखनीय है यह है कि सड़क तवेरा, किलोपार, भाठागांव आर, रनचिराई गांवों के बीच से गुजरते हुए जामगांव आर पहुंचती है।

### विधायक कांग्रेसी और सरकार भाजपाई है तो अब कैसे बन पाएगी सड़क

#### अपने सीएम होते हुए भी सड़क नहीं बनवा पाए विधायक कुंवर सिंह अब ?

दुर्ग जिले के पाटन विधानसभा अंतर्गत जामगांव आर से सटे हुए बालोद जिले के गुण्डरदेही विधानसभा मुख्यालय की दूरी 19 किमी है। सड़क इतनी जर्जर है कि सायकल की घंटी के अलावा सब बजती है वाली कहावत को चरितार्थ करती है। पाटन विधानसभा विधायक भूपेश बघेल गत पंचवर्षीय में मुख्यमंत्री रहे और गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद भूपेश बघेल के अत्यंत करीबी विधायक रहे, लेकिन रनचिराई से गुण्डरदेही की सड़क चीख चीखकर अपनी जर्जरता को बताती रही लेकिन सड़क नहीं बन पाई। जबकि गांव-गांव की सड़के उसी अवधि में चमचमा उठी। मुख्यमंत्री के करीब विधायक की विवशता लोग समझ ही नहीं पाए। गुण्डरदेही और पाटन विधानसभा कांग्रेस के विधायक तो बन गए लेकिन प्रदेश में सत्तासीन होने में नाकाम रहे भाजपा सरकार प्रदेश में काबिज हो गई और यह जर्जर सड़क अपने नसीब पर आज आंसू बहाने विवश हो गया।



#### गुण्डरदेही जर्जर सड़क पर मजबूरी की यात्रा

गुण्डरदेही से 12 किमी और जामगांव आर से 6 किमी बीच दूरी में भाठागांव आर एक ऐसा सेंटर है जो देश स्वतंत्रता के बाद विधानसभा मुख्यालय हुआ करता था जहां से चार विधायकों को आमजनता की सेवा करने का अवसर मिला। अतीत में इतना शानदार प्रदर्शन कर चुके भाठागांव आर को आज सड़क की अच्छी सुविधा भी नहीं मिल पा रही है और आमजनता को ब्लॉक एवं विधानसभा मुख्यालय गुण्डरदेही जाने के लिए अनमने मन से बोझिल होकर यात्रा करनी पड़ रही है। विदित हो कि गांव को जोड़ने वाली सड़कें भी चौड़ी और शानदार बन चुकी है।

#### ऊबड़-खाबड़ सड़क पर चलने मजबूर है आमजनता

ग्रामीण कृष्ण कुमार साहू, अजय साहू, दुष्यंत साहू, राजू देवांगन, बलराम कॉलमों, राजेश्वर कतलम, पुनारद साहू कहते हैं कि पाटन विधानसभा एवं गुण्डरदेही विधानसभा को जोड़ने वाली 1965 में निर्मित सड़क गैर जिम्मेदार नेताओं की उदासीनता के कारण अपने किस्मत पर आंसू बहा रहा है और ऊबड़ खाबड़ सड़क में कराहते हुए यात्रा कर रहे यात्रियों के दर्द से व्याकुल है। बगल विधानसभा पाटन की चमचमाती सड़कों को देखकर लगता है हमारे विधायक निषाद मुख्यमंत्री के पास समस्या रखने और काम कराने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाए या विधायक के करीबी होकर भी तात्कालिक मुख्यमंत्री इनको त्वज्जो नही दिए। अब फिर विधायक बन गए कुंवर सिंह निषाद लेकिन सरकार भाजपा की प्रदेश में सत्तासीन हो गए। विधायक का क्या बिगड़ा। विधायक तो पुनः विधायक बन गए बिगड़ा तो केवल आमजनता की। सड़क नहीं बनने से जनता बहुत परेशान हैं। यात्रा की हाल बेहाल है। ग्रामीणों ने फोटो भेजकर दिखाए सड़क का बुरा हाल।

# धान से भरा खरीदी केंद्र, ऑनलाइन टोकन नहीं कटने से किसानों को हो रही दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

कुम्हारी स्थित सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी शुरू हुए दो सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन कुम्हारी ख़रीदी केंद्र में जगह की कमी और ऑनलाइन टोकन को लेकर किसान परेशान हैं। इन दिनों कुम्हारी सोसायटी में धान की बंफर आवक होने के कारण पूरा ख़रीदी केंद्र धान से भर गया है।

- कुम्हारी सोसायटी में धान खरीदी हो सकती है प्रभावित



अब स्थिति यह है कि जिन किसानों के पास धान बेचने के लिए पहले से टोकन है वे भी ख़रीदी केंद्र में जगह नही होने के कारण अपनी उपज नही बेच पा रहे हैं, वहीं पहले से टोकन को लेकर समस्या झेल रहे किसानों के लिए अब जगह को लेकर और बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। हालांकि समिति प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि खरीदे गए धान का उठाव नहीं होने से खरीदी केंद्र धान से भर गया किसानों की समस्या को देखते हुए महामाया मार्ग स्थित उप खरीदी केंद्र में किसानों का धान ख़रीदा जाएगा जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

#### सर्वर की रहती है समस्या

धान बेचने के लिए बनाए गए ऐप' टोकन तुंहर हाथ' में सर्वर की समस्या के चलते किसानों को टोकन नही मिल रहा है। कपसदा निवासी किसान विश्वनाथ साहू ने बताया कि उसे 60 क्विंटल धान बेचना है। लेकिन अब तक उसे ऐप में सर्वर नही होने के कारण ऑनलाइन टोकन नही मिला है। सोसायटी आया तो 40 प्रतिशत धान बेचने के लिए मैनुअली टोकन दिया गया। बाकी 60 प्रतिशत उपज के लिए और समय का इंतजार करना होगा प्रदेश में बारिश की पूर्ण संभावना है उपज की सुरक्षा के साथ सुखत कि दोहरी समस्या उत्पन्न हो रही है।

वहीं समिति प्रभारी बसंत साहू ने बताया कि किसानों को समिति प्रबंधन द्वारा हर संभव मदद किया जा रहा है प्रत्येक किसानों को मैनुअल टोकन दिया जा रहा है, वहीं मौसम की बेरुखी को देखते हुए फड़ में धान की सुरक्षा के लिए उपयुक्त संसाधन की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है। अब तक समिति प्रबंधन द्वारा 137 किसानों से 6121.20 क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। जिसके लिए समर्थन मूल्य के हिसाब से 1 करोड़ 40 लाख 84 हजार 224 रुपये की राशि का भुगतान किया गया। हालांकि किसानों से 35 लाख 65 हजार 67 रुपये की ऋण वसूली की गई है। ऋण वसूली के बाद 93 लाख 9 हजार 66 रुपये किसानों के खातों में हस्तांतरित कर दी गई है। जिसमें 12 लाख 10 हजार 90 रुपए का भुगतान शेष है। बोरों को सिलने के लिए इस केंद्र में दो मशीन हैं जिनमे से एक मशीन खराब है इसलिए हाथों से ही बोरोन को सिला जा रहा है। वहीं मौसम विभाग की चेतावनी के बाद से ही तालपत्री की व्यवस्था भी की गई है।

#### च्वॉइस सेंटरों के चक्कर लगा रहे किसान

कपसदा निवासी किसान रामकुमार साहू ने बताया कि वे टोकन के लिए च्वॉइस सेंटर के चक्कर लगा रहे है लेकिन उनका टोकन नही कट रहा है। उसे 170 क्विंटल धान बेचना है। सोसायटी में भी मैनुअल तरीके से छोटे किसानों का ही टोकन कट रहा है। वहीं कुम्हारी सेवा सहकारी समिति में 993 किसानों से लगभग 37 हजार क्विंटल धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की जाएगी लेकिन बीते दो सप्ताह में अब तक महज 137 किसानों से 6121 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जबकि टोकन नहीं मिलने से मात्र 186 किसानों का टोकन कट पाया है।

### ईश्वर को याद करने से मनुष्य पर दया होती है: पं. परमानंद



**सेलूद।** ग्राम मटंग में चल रहें श्रीमद भागवत ज्ञान महापुराण सप्ताह के पटेल परिवार के आयोजन के तहत चल रहे श्रीमद भागवत महापुराण कथा वाचक पंचकोशी धाम फिंगेश्वर युग पुरोहित परमानंद महराज ने बताया कि ईश्वर को याद करने से ही प्रभु की दया होती है। जैसे याद शब्द को उल्टा करके देखे तो, दया बना जाती है। परीक्षित जन्म कथा और कथा परायण करके उनके उद्धार के बारे में बताया गया। महराज ने कहा कि सनातन धर्म की रक्षा जरूरी है, इसके लिये हम सबको अपने आने वाले पीढ़ी को सनातन धर्म की ज्ञान के बारे बताना आवश्यक है। स्कूल, कॉलेज जैसे संस्थान में सनातन धर्म की शिक्षा लागू हो, जिससे सनातन धर्म बच सके। इस अवसर पर डॉ. दयाराम साहू, पोशुराम निर्मलकर, डेगेश्वरी रमेश वर्मा, मनोज साहू, जगदीश वर्मा, बिसाहू राम चंदन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### विधायक ललित ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**भिलाई।** सुशासन से समृद्धि के एक वर्ष होने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने कहा कि आज ही के दिन पिछले वर्ष 3 दिसम्बर 2023 का वह स्वर्णिम दिन था, जब आपने छत्तीसगढ़ के विकास, सुशासन और समृद्धि के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेकर भारतीय जनता पार्टी को आपने प्रचंड जनादेश दिया था। वह जीत वास्तव में आपके विश्वास की ही थी, सपनों और उम्मीदों की थी। उस प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद के लिए हम आप सभी के आभारी हैं। आगे विधायक ललित चंद्राकर ने कहा विगत एक वर्ष में हमारी सरकार ने आपके विश्वास पर खरा उतरते हुए प्रदेश में प्रगति के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। हमने 'मोदी की गारंटी' के सभी प्रमुख वादे प्राथमिकता से पूरे किये हैं। इससे हर वर्ग का विकास हुआ है, प्रदेश में खुशहाली आई है।



### देऊरझाल स्कूल में विद्यार्थियों को कराया न्योता भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विधानसभा के शासकीय प्राथमिक शाला देऊरझाल में मंगलवार को सभी स्कूली बच्चों को अरविंद आश्रम के बैंक ऑफ बड़ौदा के रीजनल सहयोग से चरण पादुका का वितरण किया गया। जिससे स्कूली बच्चे बहुत ही प्रफुल्लित हुए। स्व सहायता समूह एवं शाला परिवार की ओर से न्योता भोजन कराया गया। रसोइया एवं सफाई कर्मचारियों को भी चरण पादुका का वितरण किया गया। बच्चों के द्वारा अतिथियों के समक्ष गीत, कविता एवं सामान्य ज्ञान की जानकारी बताया गया। बच्चों द्वारा पेंटिंग बनाकर अतिथियों को दिया गया। अतिथियों द्वारा बच्चों की हुनर की सहराना किया गया।



ग्राम पंचायत पतोरा सरपंच अंजीता साहू की तरफ से छात्र-छात्राओं को कॉपी, पेन, रबर, कटर प्रदान किया गया। मौके पर अरविंद आश्रम के अध्यक्ष डॉ. इंद्राणी घोष, भूमिका डांगे, अंशु त्रिपाठी, डॉ. शामिष्ठा बैनर्जी, अनकी राम वर्मा, मुकेश साहू आदि उपस्थित थे।

# पाटन कॉलेज में मनाई अहिल्याबाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



शासकीय चंदूलाल चंद्राकर स्नाततोर महाविद्यालय पाटन में महारानी अहिल्याबाई होल्कर 300वी जयंती मनाई गई। 31 मई 1725-13 अगस्त 1795 तक भारत के मराठा मालवा राज्य की होलकर रानी थीं। राजमाता अहिल्याबाई का जन्म महाराष्ट्र के अहमदनगर के जामखेड के चोंडी गांव में हुआ था। उनके पिता मनकोजी राव शिंदे गांव के पाटिल थे। उस समय महिलाएं स्कूल नहीं जाती थीं, लेकिन अहिल्याबाई के पिता ने उन्हें पढ़ना-लिखना सिखाया। उन्होंने अपनी राजधानी को नर्मदा नदी के किनारे इंदौर के दक्षिण में महेश्वर में स्थानांतरित कर दिया। सुनील पटेल आरएसएस दुर्ग जिला प्रमुख ने बताया कि अहिल्याबाई के पति खंडेराव होलकर 1754 में कुंभेर की लड़ाई में मारे गए थे। बारह साल बाद, उनके ससुर मल्हार राव होलकर की मृत्यु हो गई। उसके एक साल बाद उन्हें मालवा राज्य की रानी के रूप में ताज पहनाया गया। उन्होंने अपने राज्य को लूटने वाले आक्रमणकारियों से बचाने की कोशिश की। उन्होंने खुद युद्ध में सेनाओं का नेतृत्व किया। उन्होंने तुकोजीराव होलकर को सेना प्रमुख नियुक्त किया।

दीपक सावर्णीय दुर्ग जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक ने बताया कि रानी अहिल्याबाई हिंदू मंदिरों की महान अग्रणी और निर्माता थीं। उन्होंने पूरे भारत में सैकड़ों मंदिर और धर्मशालाएं बनवाईं। उसकी धर्मपरायणता और उसके चरित्र को पहचानते हुए, वह लड़की को अपने बेटे खंडेराव (1723-1754) की दुल्हन के रूप में होलकर क्षेत्र में ले आए। 1733 में उनकी शादी खंडेराव होलकर से हुई। 1745 में, उन्होंने अपने बेटे मालेराव को जन्म दिया और 1748 में, एक बेटी मुक्ताबाई को जन्म दिया। मालेराव मानसिक रूप से अस्वस्थ थे और 1767 में उनकी बीमारी से मृत्यु हो गई। अहिल्याबाई ने एक और परंपरा को तोड़ा जब उन्होंने अपनी बेटी की शादी यशवंतराव से की, जो एक बहादुर लेकिन गरीब आदमी था, जब उसने डाकुओं को हराने में सफलता हासिल की थी।

**न्यायालय अपर कलेक्टर, जिला -दुर्ग (छ.ग.)**
**व्यक्तिगत उपस्थिति समन**

पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक 51/अ-74 वर्ष 2023-2024 आलोक गुप्ता आ. स्व. कृष्णकुमार गुप्ता पता-फ्लैट नंबर 115/8 दलीप परिसर, कैलाशनगर, भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
प्रेषिती - पुनरीक्षणकर्ता
श्रीमती संतोषी बाघ पिता/पति स्व. नित्या बाघ, पता-107 गणेश मंदिर, श्यामनगर केम्प 02, भिलाई, तह, व जिला-दुर्ग उत्तरवादी
उपरोक्त पुनरीक्षणकर्ता द्वारा इस न्यायालय में अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर के रा.प्र.क्र. 202304101000143/अ-74, वर्ष 2023-2024 में पारित आदेश दिनांक 15.01.2024 से क्षुब्ध होकर पुनरीक्षण पेश किया है। प्रस्तुत पुनरीक्षण पर प्रकरण संस्थित कर प्राकृतिक न्याय सिद्धांत की अवधारणा के तहत उत्तरवादी को इस न्यायलय द्वारा 107 गणेश मंदिर, श्यामनगर केम्प - 02, भिलाई, तह व जिला-दुर्ग के पते पर सूचना जारी की गई थी। किन्तु उत्तरवादी अनुपस्थित रहे। चूंकि अनावेदक / उत्तरवादी को समक्ष सुनवाई हेतु अवसर प्रदान किया जाना है।
अतएव इस समन के जरिये अनावेदक / उत्तरवादी को आदेश दिया जाता है कि आप इस मामले की आगामी पेशी दिनांक 23.12.2024 को अपर कलेक्टर, दुर्ग के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से अनिवार्यतः उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। यदि आप निर्धारित सुनवाई तिथि को अनुपस्थित पाये गये तो मामले की सुनवाई आपकी गैरहाजिरी में की जाकर आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक 28/11/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर
अपर कलेक्टर
दुर्ग

**-:: आम सूचना ::-**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा श्रीमती ममता सुराना (जैन) पति मनोज सुराना (जैन) पता 104 पचरीपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली है जो कि मौजा चंदखुरी प.ह.नं. 37 रा. नि.मं. अण्डा तह व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11 कुल रकबा 0.8400 हे. है जिसमे से 0.40 हे. भूमि को भूमिस्वामी संतुराम यादव (अन्य 4) पिता रत्तीराम यादव निवासी चंदखुरी तह. व जिला दुर्ग से क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर दी गई है। तथा रजिस्ट्री बयनामा शेष है।
यह कि उपरोक्त वर्णित भूमि सामिलात खाते की भूमि है जिसके खातेदार क्रमशः 1. संतुराम यादव पिता रत्तीराम 2. संतलाल यादव पिता रत्तीराम 3. कुमार सिंह यादव पिता रत्तीराम 4. शांति यादव पिता रत्तीराम 5. धनेश्वरी यादव पिता रत्तीराम के समक्ष सौदा हुआ है।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संव्यवहार के संबंध में जिस किसी भी संस्था, निगम, मंडल, बैंक, सहकारी समिति, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की आपत्ती होती है तो मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज प्रस्तुत कर आपत्ती दर्ज करवाया जा सकेगा। एवं 07 दिवस के अंदर अपनी आपत्ती दर्ज करवा सकेगा बाद म्याद की गई आपत्ती मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।
सो सूचना जाने
दिनांक: 03/12/2024
हस्ताक्षर सील
SHAKEEL KHAN
ADVOCATE
मो.: 7509611110

## अंचल की खबरें

### गायत्री मंदिर स्थापना दिवस पर मनी रजत जयंती



**धमधा।** गायत्री ज्ञान मंदिर धमधा की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा 23 जनवरी 2001 को शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधियों व्दारा की गई। आगामी 2025 में गायत्री ज्ञान मंदिर की स्थापना के 25 वें वर्ष में प्रवेश के उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। इसका पहला आयोजन नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ के रूप में 21 से 23 दिसंबर तक होगा। इसके लिये गायत्री मंदिर में बैठक हुई। इसमें वीरेंद्र देवांगन ने बताया गया कि 1978 में परम पूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा से प्राण प्रत्यारोपण सत्र में धमधा के कुछ लोग शामिल हुए, जिसके बाद सर्वश्री डॉ. सरकार मोहन उपाध्याय, श्रवण कुमार गुप्ता, मनसुख लाल गुप्ता, राधेलाल ताम्रकार, राजेंद्र गुप्ता, रामजी प्रसाद अग्रवाल ने गायत्री मंदिर की स्थापना के लिए लंबे समय तक वातावरण बनाते रहे। उनके अथक प्रयास से वर्ष 2000 में गायत्री ज्ञान मंदिर की स्थापना हुई। इसी के अनुरूप रजत जयंती वर्ष में मनाया जाएगा। इसमें मंदिर निर्माण में योगदान देने वाले और उनके परिजनों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में राधेलाल ताम्रकार, वीरेंद्र देवांगन, गोविंद पटेल, सुनील गुप्ता, कल्याण सिंह चौहान, सीताराम ठाकुर, मंजू धीवर, लोकेश्वरी देवांगन, मुखराज किशोर यादव, विष्णु प्रसाद ताम्रकार, शैलेष राजपूत, उषा केसरा मेड़ेसरा, धर्मशीला शर्मा, मनीषा ताम्रकार, अरविन्द ताम्रकार उपस्थित थे।

### नारियल से बना रहे गणेश भगवान की आकृति



**अंडा।** छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित बालोद जिले के ग्राम पिरीद एक ऐसा गांव है जहां नारियल को भगवान गणेश का रूप दिया जाता है जिसकी शुरुआत सागर देशमुख ने किया है। करीबन 2021 से नारियल में गणेश की आकृति दिया जाता है गणेश का अलग-अलग तरह से सजावट डिजाइन देते हैं। वे इस कलाकृति को प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल, मुख्यमंत्री को अवगत करा रहे हैं। वे चाहते हैं कि शासन प्रशासन इस कलाकृति को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाये साथ ही इस कलाकृति की व्यापक स्तर पर शासन प्रशासन द्वारा निःशुल्क प्रशिक्षण लगाकर लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। इस कला को एक नई ऊर्जा के साथ पहचान मिलना चाहिए, इस कलाकृति को शासन प्रशासन के द्वारा सम्मान मिलना चाहिए। सागर देशमुख ने बताया कि हमारी इस कला को ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण ने आश्वासन दिया है कि इस कला को वे राष्ट्रपति, और राज्यपाल से अवगत करवाएंगे और कला के क्षेत्र में इस कलाकृति को और भी लोगों का पहुंचने का प्रयास करेंगे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आयोजित



**अंडा।** ग्राम कुथरेल में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर वैशाली नगर महाविद्यालय भिलाई एवं सुराना कॉलेज दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिविर के पांचवें दिवस में राष्ट्रीय सेवा योजना की राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. नीता वाजपेई की उपस्थिति में हुई। राज्य एनएसएस अधिकारी ने सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रशंसा की। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों के बारे में बताया। राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ने के लाभ बताए, उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना में जुड़कर आप अपने करियर को किन ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं ऐसे अनेक स्वयंसेवकों का उदाहरण बताया जो अपनी पढ़ाई करते हुए ही आज राष्ट्रीय सेवा योजना के चलते शासकीय सेवा में रहते हैं। साथ ही राज्य एनएसएस अधिकारी ने सभी लोगों के मन में उठने वाले प्रश्नों को बताया और उनका जवाब भी दिया। इस अवसर पर बालोद जिला की जिला संगठन डॉक्टर लीना साहू भी उपस्थित रही जिन्होंने कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएं दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. चांदनी मरकाम एवं डॉ उमेश वैद्य को दी। अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य एनएसएस अधिकारी को अपने बीच पाकर स्वयंसेवकों के मन में अत्यधिक उत्साह का अवसर रहा है। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र पर मंच पर शिविर दलनायिका पलक सिंह, दलनायक मनीष, दामिनी साहू, प्रीति पटेल, आदित्य के साथ अनेक स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।



# महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रहे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

ब्लॉक के परियोजना अधिकारी महिला बाल विकास को हटाने को लेकर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने मोर्चा खोल दिया है ।यही उनका नारा है कि धांधली में साथ दोगे तो सम्मान मिलेगा ,धांधली की शिकायत करोगे तो अपमान मिलेगा नारों के साथ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि परियोजना अधिकारी छाया सिंह धमधा में पदस्थ है। उनके द्वारा पदस्थापना के बाद से ही शासन की योजनाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है। अपनी मनमानी करते हुए शासन की योजनाओं में अपने पद का दुरूपयोग कर धांधलियां की जा रही है। धांधली में सभी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को साथ देने का अनुचित दबाव डाला जा रहा है। जो कार्यकर्ता-सहायिका उसकी धांधली में उसका साथ देने से मना करे उसे नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी दी जाती है ।

## मनमानीः शासन की योजनाओं में पद का हो रहा है दुरूपयोग



### कोरे कागज में करो हस्ताक्षर नहीं तो हो जाओगे बर्खास्त

परियोजना अधिकारी के खिलाफ हो रही लगातार शिकायतों की वजह से ब्लॉक के सभी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं पर हमारी परियोजना अधिकारी बंद कमरे में कोरे कागज पर हस्ताक्षर करने का हम पर दबाव डाल रही है।

### आरोप निराधार है

“ मेरे ऊपर लगे ये सभी आरोप निराधार है । कार्यकर्ताओं पर इस प्रकार कोई भी अत्याचार व दुर्व्यवहार नहीं किया जाता है। जिला अधिकारी के निर्देश पर सभी योजनाओं को आम लोगों तक पहुँचने लाभ देने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

**छाया सिंह**, परियोजना अधिकारी, धमधा

### हमारे आंदोलन को समर्थन

“ आंदोलन की जानकारी मुझे व्हाट्सएप के माध्यम से मिला मैं मौका स्थल में पहुँची हु उनकी मांग जायज है उनका हम समर्थन करते है जिला व प्रदेश स्तर में इस मांग को उठाएंगे।

**गीता बाघ,**
जिलाध्यक्ष जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संघ

### इस तरह हो रही है धांधली

धरना-प्रदर्शन करने वाले आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं ने बताया कि परियोजना धमधा में 6 मार्च को आयोजित सामूहिक विवाह की धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री जनदर्शन में की गई थी। विभागीय जांच की गई। धांधली को छिपाने के लिए परियोजना अधिकारी द्वारा कार्यकर्ताओं पर दबाव डालकर उनके नाम से झूठा शपथपत्र बनवाया गया था ।परियोजना धमधा में 22 नवंबर को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें परियोजना अधिकारी के द्वारा जानबूझकर परियोजना की कुल 7 सेक्टरों में से मात्र 2 सेक्टर को ही इस सम्मान समारोह हेतु बुलाया गया। समारोह में परियोजना अधिकारी की धांधली में सहयोग करने वाली कार्यकर्ताओं को ही सम्मानित किया गया। परियोजना अधिकारी छाया सिंह द्वारा सभी कार्यकर्ताओं के पास केवल दो ही विकल्प रखे हैं धांधली में साथ दोगे तो सम्मान मिलेगा , धांधली की शिकायत करोगे तो अपमान मिलेगा। प्रताड़ित करने के लिए कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का मानदेय समय पर नही दी जा रही है। यात्रा भत्तों का जानबूझकर भुगतान नहीं किया जा रहा है। वही पोषण माह व अन्य कार्य हेतु होने वाले खर्चा का वहन हम कार्यकर्ताओं को करने का अनुचित दबाव डाला जा रहा है। गर्म भोजन संचालन करने वाली संस्था का जानबूझकर समय पर भुगतान नहीं किया जा रहा है। बिल राशि से कम राशि का भुगतान किया जाता है। आंगनबाड़ी बंद पाया गया कहते हुए हम कार्यकर्ताओं को नौकरी से बर्खास्त करने की धमकी दी जाती है। आंगनबाडी में स्वयं के व्यय पर पोताई करने के लिए अनुचित दबाव डाला जाता है। मानदेय के अतिरिक्त कोई और राशि खाते में जमा होता है उनसे पूछने पर भी मौखिक या लिखित रूप में हमें नहीं बताया जाता है व राशि किस मद का है। बाद में वह राशि खाते में दिखाई नहीं देती है।सीएसएएम ट्रेनिंग में हमें गुणवत्ताहीन भोजन परोसा। सीएसएम ट्रेनिंग का यात्रा भत्ता नहीं दिया।

## खबर संक्षेप

### दीपेंद्र ने राजभवन में दी गीतों की प्रस्तुति



**भिलाई।** भिलाई के चर्चित गायक दीपेंद्र हालदार को असम नगालैंड स्थापना दिवस पर रायपुर राजभवन के दरबार हाल में गायन प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने असम के प्रसिद्ध गायक भूपेन हजारिका के गीत गाकर राज्यपाल रमन डेका सहित उपस्थित सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। दीपेंद्र के गीतों पर सांगितिक संगत संगीतकार दिलीप शर्मा, देवव्रत मजूमदार, सतीश सिन्हा और भगवत साहू ने की।

### बीएसपी में दिव्यांग दिवस, बांटे उपकरण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के हिर्री माइंस में सीएसआर विभाग द्वारा विश्व दिव्यांग जन दिवस के अवसर पर 112 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। आयोजन में “एलिम्को” के सहयोग से विभिन्न सहायक उपकरण बैटरी ट्राई सायकल, सामान्य ट्राई सायकल, व्हील चेयर, कैलिपर, प्रोस्थेसिस, कान की मशीन, बैसाखी, छोटी व्हील चेयर, छड़ी, मोबाइल फोन, ब्रेल किट, सुगम्य केन आदि वितरित किए गए। मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार थे तथा विशिष्ट अतिथि कार्यपालक निदेशक बीके गिरी थे।

## निधन

### चंद्रकांत देवांगन



**भिलाई।** ब्राम्हण पारा दुर्ग निवासी वरिष्ठ पत्रकार चंद्रकांत देवांगन उम्र 42 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में 4 दिसंबर को किया जाएगा। वे पिछले 20 वर्षों से विभिन्न समचारपत्रों, ऑनलाइन मीडिया एवं टेलिविज़न न्यूज़ में, अपनी सेवायें दे रहे थे। वे स्वर्गीय केशव प्रसाद देवांगन के पुत्र थे। वे अपने पीछे मां, पत्नी और छोटे बच्चे को अकेला छोड़ गए हैं।

### पंचकुला बाई



**भिलाई।** गणेश चौक पुराना मछली मार्केट कैम्प 2, भिलाई निवासी पंचकुला बाई का निधन 3 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को शाम 4 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दत्तु भालेकर और प्रेम भालेकर की मां थीं।

### अशोक मेश्राम



**भिलाई।** मकान नं 4 सी, सड़क नंबर 30-31 सेक्टर-5 निवासी अशोक मेश्राम उम्र 67 का निधन 3 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 दिसंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## ओपीडी, मेडिसीन व केजुअल्टी सुविधा शुरू होने से बढ़े मरीज

# ईएसआईसी अस्पताल को आज मिलेंगे 18 स्पेशलिस्ट, 200 बेड के विस्तार की है योजना

विमल शंकर झा ▸▸ भिलाई

कर्मचारी राज्य बीमा निगम से जुड़े ट्विनसिटी सहित अंचल के हजारों कर्मियों और मजदूरों सहित परिजनों के लिए अच्छी खबर है। जल्द ही उन्हें अपने इलाज के लिए स्मृतिनगर स्थित भव्य ईएसआईसी अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों से चिकित्सा परामर्श सुविधा मिलनी शुरु हो जाएगी। स्पेशलिस्ट डाक्टरों की भर्ती के लिए बुधवार को इंटरव्यू होगा। इस हास्पिटल में 35 चिकित्सा विशेषज्ञों की पोस्ट निर्धारित है, जिसमें अभी 18 स्पेशलिस्टों की नियुक्ति होगी। नौ महीने पूर्व उद्घाटित इस अस्पताल वर्तमान में मरीजों के उपचार के परामर्श के लिए वर्तमान में 23 चिकित्सक पदस्थ हैं। विभिन्न मर्जों के स्पेशलिस्ट डांक्टरों की भर्ती हो जाने से अब मरीजों को उपचार के लिए अन्यत्र भटकना नहीं पड़ेगा। चिकित्सा विभाग व अस्पताल प्रशासन द्वारा इस भव्य अस्पताल भवन में धीरे धीरे चिकित्सा सुविधाएं और संसाधन बढ़ाए जा रहे हैं। वहीं मरीजों को उम्मीद है कि नया साल उनके लिए फुलफ्लेश अस्पताल की सौगात लेकर आएगा।

उल्लेखनीय है नेहरुनगर स्मृतिनगर मार्ग पर स्थित ईएसआईसी अस्पताल का 25 फरवरी को उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली से आनलाइन किया गया था। सौ बिस्तर क्षमता वाले इस भव्य बहुमंजिला अस्पताल को आगे दो सौ बेड के रुप में विस्तारित किए जाने की योजना है। अब तक यहां ओपीडी और केजुअल्टी चिकित्सा सुविधा शुरु हो चुकी है। तेईस चिकित्सक मरीजों को चिकित्सा परामर्श दे रहे हैं। दवाईयां भी दी जा रही हैं । ओपीडी में मेडिसीन, आर्थो, गायनिक, डेंटल, स्किन ईएंडटी और आई आदि विभागों में परामर्श दिया जा रहा है। मेडिसीन खरीदी शुरु हो जाने से यहां रोज इलाज कराने आने वाले मरीजों की संख्या 10, 15 से बढ़कर वर्तमान में 40 से 50 हो गई है। स्पेशलिस्ट नहीं होने से मरीजों को इलाज के लिए सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल में रिफर किया जाता है। अब अट्ठारह नए स्पेशलिस्ट डांक्टरों की भर्ती हो जाने से मरीजों को सर्जरी, चेस्ट, पैथालाजी, आर्थो और रेडियोलाजी आदि उपचार परामर्श सुविधा मिलना शुरु हो जाएगी। अस्पताल प्रशासन के मुताबिक ईएसआईसी अस्पताल में धीरे धीरे चिकित्सा सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा, आगे फुलफ्लेश किए जाने का प्रयास जारी है।

### अस्पताल के फुल फ्लेश होने से मरीजों को मिलेगी सौगात



### जल्द नर्सेस और फार्मासिस्ट की मिलेगी सुविधा

ईएसआईसी अस्पताल में अभी तक मिल रही प्रारंभिक चिकित्सा सुविधाओं के तहत तहत ओपीडी, केजुअल्टी और मेडिसीन सुविधा उपलब्ध है। नर्सेस, फार्मासिस्ट आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रक्रिया जारी है। अस्पताल में हाउसकीपिंग, सिक्यूरिटी और एंबूलेंस की सहूलियतें भी शुरु हो गई हैं। कैंटीन भवन में कैंटीन सुविधा की प्रक्रियधीन है। टेस्ट व डायग्नोस्टिक मशीनें आदि चिकित्सा उपकरणों की सुविधा प्रस्तावित है। सोनोग्राफी व एक्सरे टेस्ट की मशीनें आने वाली हैं। यहां लेबर रुम, फर्नीचर और गैस पाइप लाइन आदि सुविधाओं की भी दरकार है। भविष्य में सौ बेड के फुलफ्लेश अस्पताल के रुप में डांक्टर, पैरामेडिकल आदि चिकित्सा सुविधाएं व संसाधन उपलब्ध हो जाने से जरुरतमंद मरीजों अधिक राहत मिलेगी।

### भव्य व सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल की तरह है भवन

स्मृतिनगर में ईएसआईसी अस्पताल का भवन भव्य सर्व चिकित्सायुक्त और आकर्षक है। यहां आपरेशन थिएटर,गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) लेबररुम, टेस्ट काम्पलेक्स, कैंटीन, सिक्योरिटी रुम, कान्फ्रेंस हाल आदि कक्षों सहित डाक्टर्स आदि स्टाफ क्वाटर्स भी बने हुए हैं। सभी सुविधाओं व संसाधनों की उपलब्धता के बाद चिकित्सा परामर्श के साथ इस अस्पताल में ही प्रसव से लेकर विभिन्न रोगों के मरीजों का आपरेशन तक सभी स्वास्थ्य सहूलियतें मिलने लगेंगीं। मरीजों को आशा है कि जल्द उन्हें यह सौगात मिलेगी।

### स्पेशलिस्टों की नियुक्ति से बढ़ेगी सुविधाएं



“ नए ईएसआईसी अस्पताल में विभाग द्वारा धीरे धीरे चिकित्सा सेवाएं और सुविधाएं बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। वर्तमान में मरीजों को ओपीडी व कैजुअल्टी तथा मेडिसीन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। परामर्श के लिए तेईस चिकित्सक हैं। स्पेशलिस्ट डाक्टरों की नियुक्ति हो जाने से मरीजों को सुविधा होगी। आगे अस्पताल के फुलफ्लेश हो जाने से शहर को एक बड़ी सौगात मिलेगी।

**एसएस हसन,** मेडिकल सुपरिन्टेंडेंट

# आईजी ने की दोषमुक्ति के मामलों की समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने दोषमुक्ति के मामलों की समीक्षा बैठक लिया। जिसमें विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई। जिसमे जमानत पर रिहा हुए आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। जिससे किसी भी संभावित अपराध पर अंकुश लगाया जा सके। कोर्ट आरक्षकों को यह सुनश्चित करने के लिए सख्त हिदायत दी गई कि वे समय पर जमानत आवेदन की सूचना उपलब्ध कराएं। गंभीर अपराधों और एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों में होने वाली त्रुटियों को दूर करने के लिए दिशा निर्देश जारी किया है। इसके अतिरिक्त, पिछले समय में की गई त्रुटिपूर्ण विवेचनाओं पर चर्चा करते हुए विवेचकों को निर्देशित किया गया। साक्ष्य संकलन और कानूनी प्रक्रियाओं में अधिक सतर्कता और गंभीरता बरतें। दोषमुक्ति वाले प्रकरणों में अपील दायर करने के लिए आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं और प्रमाणिकता पर विशेष जोर दिया गया। लोक अभियोजकों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे न्यायालय में विचारण के दौरान महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित करें। आईजी राम गोपाल गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने कार्यों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनश्चिति करें। न्यायिक प्रक्रियाएं अधिक प्रभावी और सुदृढ़ हो सकें।

- कोर्ट के आरक्षकों के दायित्व को लेकर सख्त निर्देश
- गंभीर अपराधों पर विवेचना

बैठक अपराध नियंत्रण, दोषमुक्ति की समीक्षा और न्यायिक प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य को लेकर हुआ। बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन शत्रुघ्न ध्रुव, उपसंचालक लोक अभियोजक अनुरेखा सिंह, कंचन पाटिल, प्रमेंद्र बैसवाड़े, बेमेतरा एसपी राम कृष्णा साहू, बालोद एसपी एसआर भगत ऑनलाइन में शामिल हुए थे। इसके अलावा एएसपी बालोद अशोक जोशी, एएसपी अभिषेक झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, शिल्पा साहू, उप निरीक्षक राज कुमार प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम, पुलिस पीआरओ श्री प्रशांत कुमार शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# टाउनशिप के चौकों का हो रहा सौन्दर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा टाउनशिप में सौंदर्यीकरण के लिए सड़कों की मरम्मत एवं चौकों के जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। मंगलवार को रेल चौक के नवीनीकरण का कार्य शुरू किया गया है। चौक की बनावट में ग्लोब के आकार के कारण यह ग्लोब चौक के नाम से भी जाना जाने लगा था। । नवीनीकरण बाद इसे थोड़ा छोटा किया जाएगा। चौकों के नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के क्रम में डाइरेक्टर्स बंगले के समीप तालपुरी चौक के नवीनीकरण एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है। रुआबांधा समीप पंथी चौक तथा बोरिया गेट के आगे, 30 एम एल डी ट्रीटमेंट प्लांट चौक के नवीनीकरण समेत बीएसपी के मेन गेट के सामने चौराहे, जिसमें भारत और सोवियत संघ की मित्रता के स्मारक-स्तंभ स्थापित है, का सौंदर्यीकरण एवं चौराहे का उन्नयन किया जा रहा है।चौराहे के घेरे को सभी तरफ से 1.5 मीटर घटाई जायेगी, इससे आवागमन सुगम होने के साथ-साथ दुर्घटना की आशंकाएं भी न्यूनतम हो जायेगी।

- रेल चौक से ग्लोब हटाने का कार्य शुरू




### इन चौकों का हुआ सौंदर्यीकरण

बीएसपी के 25 मिलियन टन स्टील के संचयी उत्पादन को चिह्नित करने के लिए स्मरणीय प्रतीक के रूप में स्मारक के रूप में स्थापित 25 मिलियन टन चौक सेक्टर 4, पंडित रविशंकर शुक्ल चौक सेक्टर 9, सेक्टर 8 चौक, जेपी चौक सेक्टर 6 के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जयंती स्टेडियम के समीप कलाकार जतिन दास द्वारा निर्मित ‘फ़्लाईट ऑफ स्टील’ मॉडल के भी निर्माण का कार्य पूर्णता की ओर है ।

## डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु, एनआईटी रायपुर ने यूपीटीयू को हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

आफिसर्स एसोसिएशन द्वारा डायरेक्टर इंचार्ज ट्राफी इंटर एलुमनी टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरु हो गई है। एनआईटी रायपुर ने यूपीटीयू की टीम पर 7 विकेट से जीत दर्ज कर सेमी फाइनल में प्रवेश किया। महासचिव परविन्दर सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए कमिटी का गठन किया गया है, जिसमें डीपीएस बरार को को-आर्डिनेटर बनाया गया है तथा जीपी सोनी, पिजूष सेन एवं डी. सामन्ता को सदस्य बनाया गया है। 17 टीमों के 272 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग लिया है। प्रथम क्वाटर फाइनल एनआईटी रायपुर एवं यूपीटीयू की टीमों के मध्य खेला गया। एनआईटी रायपुर ने टांस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। यूपीटीयू की टीम ने 8 विकेट खोकर 55 रन ही बना सकी। पिंटू ने सर्वाधिक 14 रन बनाए। एनआईटी रायपुर ने मात्र 10 ओवर में 3 विकेट खोकर अपने लक्ष्य को हासिल कर लिया। एनआईटी रायपुर 7 विकेट से मैच जीता। एनआईटी रायपुर के मयंक वर्मा मैन ऑफ द मैच रहे जिन्होंने 3 ओवरों में मात्र 4 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट लिए। मैन आफ द मैच की ट्राफी ओए महासचिव परन्दिर सिंह एवं जीएम इंकास एमपी सिंह द्वारा मयंक वर्मा को प्रदान किया गया। मैच के को-आर्डिनेटर विजय देशमुख, दिवाकर सिरमौर, डी सामान्ता एवं एस के मालवीय थे।



- बीएसपी ओए का आयोजन

## पुलिस कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में हुई बैठक, शहर के दर्जनभर से अधिक बैंक अधिकारी थे मौजूद

# साइबर अपराधों को लेकर बैंक अधिकारियों को दी गई हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिलाई

सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रुम में जिले में संचालित सभी बैंकों के अधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान पुलिस अधिकारियों को बुलाया और बैंक, पुलिस के बीच समन्वय बनाने की कोशिश की गई। बैठक में साइबर ठगी के तहत बढ़ते अपराध को लेकर चर्चा की गई। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि साइबर अपराध तेजी से बढ़ा है। इसे रोकने के लिए, इससे पीड़ितों को सहायता पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही उन्होंने बैंक में गोल्ड लोन देने से पहले गोल्ड की पूरी तरह से तस्दीक करे और बैंकों की सुरक्षा के लिए ध्यान देने की हिदायत दी। जागरुकता के लिए सेमीनार का भी आयोजन किया जाना चाहिए। कैमरा हमेशा चालू रखें और उसका बैकअप डाटा रखें। बैंक का आलर्म सुचारू रूप से कार्य करे इसका पूरा ध्यान दें। सभी बैंकों में गार्ड रखा जाए एवं गार्ड के आर्म्स का पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाए। बैंक में फायर सिस्टम लगाया जाए। संदिग्धों की सूचना तत्काल पुलिस को दिया जाए। बैंकों के टेक्नीकल स्टाफ और पुलिस के सायबर सेल के बीच समन्वय स्थापित करके काम करें। बैठक में सीएसपी हरिश पाटिल, सत्यप्रकाश तिवारी, डीएसपी क्राइम हेम प्रकाश नायक,साइबर जावेद खान समेत बैंक आफ इंडिया, बैंक आफ बड़ौदा, यूनियन बैंक आफ इंडिया, आईआईएफएल फायनेंसियल बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्रा, पंजाब नेशनल बैंक, अपेक्स बैंक, यूकों बैंक, पंजाब एण्ड सिंध बैंक, साउथ इंडियन बैंक, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, एचडीएफसी बैंक, सेण्ट्रल बैंक आफ इंडिया, उत्कर्ष बैंक, इण्डस्ट्रीयल बैंक, इण्डसलेण्ड बैंक, भिलाई नागरिक सहकारी बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, छ.ग. गृह को-ऑपरेटिव्ह , यश बैंक, प्रगति महिला नागरिक सहकारी बैंक, आईडीबीआई बैंक के प्रबंधक मौजूद थे।



### प्रबंधकों को दिए गए है निर्देश

साइबर काइम के अपराधों में पुलिस के सायबर सेल द्वारा मांगी गई जानकारी को सही देने को कहा गया है। रकम होल्ड, अनहोल्ड करने को लेकर बैंक की कार्रवाई तेजी से करें। जिससे पीड़ित को राहत मिल सके। एटीएम के फुटेज तुरंत उपलब्ध कराएं। हर एटीएम में 24 घण्टे सुरक्षा गार्ड रखा जाए। बैंक के अंदर गमझा या नकाब पहनकर प्रवेश करने वाले ग्राहकों पर सुरक्षा गार्ड के माध्यम से रोक लगाई जाए। पुलिस द्वारा मांगे जाने पर डेली सेटलमेंट रिपोर्ट तथा बेनीफेसरी डिटेल उपलब्ध कराई जाए। बैंक शाखाओं में किसी भी ग्राहक के बैंक का खाता होल्ड करने पर इसकी जानकारी पुलिस को दी जाए।

### ठगों के खातों में ट्रांसफर रकम को होल्ड करें

साइबर ठगी के अपराधों (सेक्सटार्सन, डिजीटल अरेस्ट, शेयर ट्रेडिंग आदि) से पीड़ित व्यक्ति के बैंक आने पर उनका हरसंभव सहयोग किया जाए। पुलिस द्वारा फाईनेंसियल व एटीएम ठगी के प्रकरणों में ठगों के खातों में ट्रांसफर रकम को होल्ड करें। बैंकों में ठगों के खातों की होल्ड राशि को पीड़ितों के खाते में बिना किसी जटिल प्रक्रिया के आसानी से वापस किया जाए। संदिग्धों के खातों की जानकारी पुलिस को दी जाए। बैंक की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा बैंक के अंदर, बाहर के साथ ही बैंक के चारों दिशाओं में लगाए जाएं।

हरिभूमि लाइव
रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



संताजी महाराज की 400वीं जयंती पर निकलेगी बाइक रैली

**लाइव इवेंट**

## एचआईवी जागरुकता के लिए गांव-गांव में निकाली रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ नर्सिंग महाविद्यालय धनोरा में विद्यार्थियों ने धनोरा, हनोदा और आसपास के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता के लिए रैली निकाली। इस दौरान एड्स और एचआईवी के बारे में लोगों को जागरूकत किया गया। बीमारी के लक्षण बताए गए। जगह-जगह समूहों में चर्चा कर ग्रामीणों को इस बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कॉलेज की प्राचार्य प्रिंस वर्गीस ने एड्स के रोकथाम के बारे में सबको अवगत कराया। सभी छात्र छात्राओं ने स्टाफ की अगवाई में धनोरा, हनोदा में एड्स रैली निकाली। गांव वालो के सामने नुक्कड़ नाटक के द्वारा एड्स का संदेश दिया। गांववालों ने छात्रों के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। अंत में सभी लोगों ने एड्स को मिटाने की शपथ को दोहराया एवं सभी ग्रामवासियों को धन्यवाद दिया।

- छत्तीसगढ़ नर्सिंग कॉलेज धनोरा का जनजागरुकता अभियान

**सिटी इवेंट**

## राउंड टेबल का किंडर जॉय फेस्ट और पॉपअप इवेंट 21 और 22 को

**भिलाई।** भिलाई राउंड टेबल के तत्वावधान में लगातार आठवें वर्ष किंडर जॉय फेस्ट और पॉपअप इवेंट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम भिलाई क्लब के क्रिस्टल गार्डन में 21 व 22 दिसंबर को होगा। यह प्रोग्राम संपूर्ण रूप से बच्चों के लिए और बच्चों के द्वारा कराया जा रहा है। इस साल भिलाई पॉप अप का भी आयोजन कराया जा रहा है। भिलाई पॉप अप एक लाइफस्टाइल एग्जिबिशन है, जो कि 22 दिसंबर को भिलाई क्लब के क्रिस्टल गार्डन में कराया जाएगा। इस एग्जिबिशन में दुर्ग-भिलाई और रायपुर के प्रसिद्ध लोगों के स्टॉल प्रदर्शनी के रूप में लगाई जाएगी। आयोजन में पारख ज्वेलर्स, बिल्टेक बिल्डर्स एवं सागर होटल इस आयोजन में प्रमुख भूमिका में रहेंगे। इस कार्यक्रम से मिलने वाले अनुदान से बोरी, दुर्ग स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में पाठशालाओं का निर्माण कार्य कराया जाएगा। बता दें कि भिलाई राउंड टेबल में भिलाई-दुर्ग क्षेत्र के युवा उद्यमी, शिक्षाविद तथा समाजसेवी प्रमुख रूप से जुड़े हुए हैं। भिलाई राउंड टेबल द्वारा अब तक विभिन्न स्कूलों में 1.5 करोड़ की लागत से 30 क्लासरूम का निर्माण किया जा चुका है। भिलाई राउंड टेबल राउंड टेबल इंडिया का एक अभिन्न हिस्सा है।

**सिटी इवेंट**

## मार्शल आर्ट की ग्रेडिंग परीक्षा में फिटनेस और स्टेमिना को परखा



**दुर्ग।** मार्शल आर्ट्स की संस्था कारा-कु-जु-बो-काई-कान फुल कॉन्टैक्ट कराते द्वारा कलर बेल्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में संस्था के डायरेक्टर सेंसाई गिरीराव के मार्गदर्शन में सीनियर परीक्षक अरविंद चंदेल, जेपी राजू, रामकुमार पांडे, गांधी सोनी, मनोज नेताम, भरत साहू, सुभाष सोनी, लक्ष्मी तिवारी एवं सहायक परीक्षक दीपेश आहूजा, मोनप्रीत कौर लहरी, रौनक बेहरा, अनुज दहाते, काजल बेहरा, मुस्कान मूंदड़ा की देखरेख में यह परीक्षा आयोजित हुई। इस ग्रेडिंग परीक्षा में मुख्य रूप से खिलाड़ियों का स्टैमिना, बॉडी कंडीशनिंग, काता, कुमीते, एटिकांस एवं फुल कांटेक्ट फाइट की पावर और तकनीक को परखा गया। समापन समारोह के महापौर धीरज बाकलीवाल, पार्षद अमित देवांगन, अरुण सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रायसिंह ढिकोला, एआर ध्रुव, राकेश ठाकुर, ममता अरमो, अशर्फियां स्पोर्ट्स एकेडमी के चेयरमैन अकमल सिद्दीकी, रफीक मौजूद थे। संस्था की गतिविधियों को जानकारी सेंसाई गिरिराव ने दी। उत्तीर्ण सभी छात्र-छात्राओं को बेल्ट व प्रमाणपत्र वितरित किया गया। आयोजकों ने बताया कि खिलाड़ी आगामी दिनों होने वाली प्रतियोगिताओं में शामिल होंगे।

- कुशाभाऊ ठाकरे भवन आदित्य नगर में 100 से ज्यादा खिलाड़ी हुए शामिल

### ग्रेडिंग परीक्षा के सफल हुए खिलाड़ी

ग्रेडिंग परीक्षा में सफल होने वाले खिलाड़ियों में ब्राउन-2 बेल्ट: हर्षिता दुबे, दृष्टि यादव, समीक्षा राव, रिया सिंह, नील अड़ातिया, समर्थ साहू, ब्राउन-1 बेल्ट: स्वस्ति पांडे, विहान चंद्राकर, आद्या चंद्राकर, देवेश कुमार, दीपांश डहरिया, डार्क ग्रीन-3 बेल्ट: नामिका देशमुख, रावी देशमुख, वरेण्या चंद्राकर, परीक्षित कल्पांडे, आराध्या ताम्रकार, जी श्रीहर्ष, डार्क ग्रीन-2 बेल्ट: फातिमा जैनब, दिव्यांश साहू, समीक्षा साहू, तान्या वर्मा, जे हर्षिता, वीणा देवांगन, डार्क ग्रीन-1 बेल्ट: अभिषेक साहू, प्रवेक्षा शुक्ला, प्रारब्ध शुक्ला, सृजन साहू, अदिति शर्मा, चित्रांश साहू, गीतिका साहू, तनीषा कोटवानी, यलो-2 बेल्ट: राम अग्रवाल, गीतांश निमजे, वान्या अग्रवाल, विवान अग्रवाल, तिलक चंद्राकर, अर्चना यादव, कामनी साहू, पल्लवी निषाद, शिवंगनी गंधर्व, भूमिका नेताम, अरविंद नेताम, श्रेया चौधरी, यलो-1 बेल्ट: अनुष्का स्वर्णकार, अयान नायर, लक्ष्य साहू, योगांश साहू, दीप सिन्हा, हिमाक्ष साहू, उदयराज चंद्राकर, अनुराग गंधर्व, खोमेंद्र नायक, पाखी साहू, हैयान साहू, निर्भय साहू, नीति मंडावी, शौर्य मंडावी, माधवी निषाद, अंशिका राय, झील साहू आदि शामिल हैं।

● रन फॉर मिनी मैराथन की दौड़ में महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी हुए शामिल

# बीएसएफ की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर जवानों के सम्मान में भिलायंस ने लगाई दौड़

**बीएसएफ की स्थापना के 60 बरस पूरे हो गए हैं। इसके सम्मान भिलाई के लोगों ने मंगलवार को मिनी मैराथन दौड़ लगाई। दौड़ सुबह करीब साढ़े 8 बजे जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर से शुरू हुई, जो गीत टॉकीज सड़क, ग्लोब चौक, सेक्टर-6 होते हुए वापस भिलाई होटल के सामने समाप्त हुई। दौड़ में महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग, बच्चे, खिलाड़ी, पुलिस विभाग के जवान, अधिकारी सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए। रन फ़ॉर बॉर्डर मेन की इस 5 किलोमीटर की दौड़ में शहर के अलावा कई जिलों से खिलाड़ी यहां हिस्सा लिया।**

**भिलाई।** जानकारी के मुताबिक चार कैटेगरी में हुई इस दौड़ में महिला और पुरुष वर्ग में 12 साल के बच्चों से लेकर सीनियर सिटीजन तक ने अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में विजेताओं को मेडल सहित नगद पुरस्कार भी दिए गए। इस अवसर पर बीएसएफ छत्तीसगढ़ के आईजी आनंद प्रताप सिंह ने सभी विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने कहा कि बीएसएफ हर वर्ष अपने स्थापना दिवस पर इस तरह का आयोजन करता है। खासकर खेल को बढ़ावा देने मैराथन का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर बीएसएफ फ्रंटियर हेडक्वार्टर के वरिष्ठ अधिकारी सहित जवानों ने भी दौड़ में हिस्सा लिया। वहीं दुर्ग पुलिस के अधिकारी और जवान भी दौड़ में विशेष रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर दौड़ में शामिल लोगों का खासा उत्साहवर्धन भी किया। 700 से ज्यादा लोग इस दौड़ में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में दिवंशक, आशुतोष, दिशा देशमुख और रूखमणी अलग-अलग ग्रुप में प्रथम रहे। उपविजेता हर्ष, रौशन, छत्रपाल, सूरज, दिव्या, स्वाति, काजल और अंचल रहे।



### जीतने वालों को मिला पुरस्कार, हर साल आयोजन



बीएसएफ के डीआईजी रमेश कुमार ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल का उदय दिवस 1 दिसंबर को हुआ था। इस उपलक्ष्य में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को बीएसएफ रन का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में स्टूडेंट्स और बीएसएफ के लोगों के साथ ही आम लोग शामिल हुए। तीन कैटेगरी रखी गई थी, जिसमें जीतने वालों को पुरस्कृत किया गया। दौड़ना ना सिर्फ फिजिकल फिटनेस के लिए जरूरी है, बल्कि इससे एक टीम भावना पैदा होती है। इस तरह के कार्यक्रम से बीएसएफ और आम जनता का पब्लिक के साथ अच्छा संबंध रहे और लोगों को फिजिकल फिटनेस का संदेश दिया सके इस वजह से दौड़ का आयोजन किया गया। रन फॉर बॉर्डर मिनी मैराथन दौड़ के नाम से यह आयोजन किया गया।

### 700 से ज्यादा प्रतिभागी दौड़ में हुए शामिल



### रनफॉर बॉर्डरमैन का जीता खिताब



## मनोविज्ञान के क्षेत्र में करियर स्कोप बेहतर बशर्ते इसकी जानकारी आपको हो: डॉ. वर्गीस



सेंट थॉमस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग में कार्यशाला का आयोजन।

**भिलाई।** सेंट थॉमस कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग ने करियर गाइडेंस प्रोग्राम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मरोदा टैंक में हाईस्कूल के विद्यार्थियों के साथ किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को भविष्य की चुनौतियों को देखते हुए आत्म मूल्यांकन के जरिये करियर विकल्प चयन करने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके लिए मनोविज्ञान विभाग के प्राध्यापकों ने मूल्यांकन के लिए एन. रो द्वारा स्थापित अनुभवजन्य ढांचे का प्रयोग किया। इस मनोवैज्ञानिक प्रयोग से प्राप्त परिणामों के बाद प्रत्येक विद्यार्थियों का उनके शिक्षकों के साथ परामर्श किया गया।

ऐसे कार्यक्रम को कॉलेज के प्रशासक डॉ. पीएस वर्गीस ने एक रचनात्मक पहल बताया। वहीं प्राचार्य डॉ. एमजी. रोईमोन ने इसे बच्चों के लिए मार्गदर्शन करने वाला कहा। इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुखर्जी ने मानसिक स्वास्थ्य एवं व्यवसाय के रुझान अपनी बात रखी। वहीं स्कूल की प्राचार्य मित्रा रॉयचौधरी ने मनोविज्ञान विभाग का आभार जताया। इस अवसर पर विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. अंकिता देशमुख, डॉ. सुमीता सिंह, डॉ. निम्मी वर्गीस सहित विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पशु क्रूरता रोकने लोगों को जागरुक करने चलेगा अभियान, कलेक्टर ने दिया आश्वासन



पशु क्रूरता निवारण समिति के अशासकीय सदस्य संजय बोहरा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से की मुलाकात।

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देश पर जिला स्तर पशुधन क्रूरता निवारण समिति का गठन किया गया है। इसमें 5 शासकीय और 2 अशासकीय सदस्य की नियुक्ति की गई है। नियुक्ति के बाद अशासकीय सदस्य और समाजसेवी संजय बोहरा ने कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी से मुलाकात की। उन्होंने पशू क्रूरता के मामलों को लेकर ध्यानाकर्षण कराया। संजय बोहरा ने समिति अध्यक्ष के समक्ष अपने विचार और सुझाव रखे। इस अवसर पर बोहरा ने पशुधन के प्रति होने वाली क्रूरता और अनुचित व्यवहार पर नियंत्रण रखने विधि सम्मत कानून की जानकारी देने और बुरा व्यवहार करने वाले के खिलाफ कार्रवाई कर जमानत, जेल और वाहन जब्त करने के अधिकार से जुड़ी जानकारी लोगों को दिए जाने के सुझाव रखे। इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए। इस विषय पर वर्कशॉप व्याख्यान और कार्यशाला का आयोजन करने का आश्वासन कलेक्टर ने दिया। बोहरा ने बताया कि लगातार सड़क हादसों में मवेशी घायल होते है। कुछ मामलों में उनकी मौत हो जाती है। उसे लेकर भी जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

**कार्नर न्यूज**

देवांगन जनकल्याण समिति की कार्यकारिणी की बैठक में लिया निर्णय

# भिलाई में देवांगनों की अनोखी पहल, प्रिवेडिंग शूट बंद शादी में डीजे प्रतिबंधित, शो-बाजी एवं कुरीतियों पर रोक

**भिलाई।** देवांगन समाज के लोगों की समिति जन कल्याण समिति भिलाई ने अनोखी पहल की है। समिति से जुड़े करीब 300 देवांगन परिवारों ने तय किया है कि वे शादी में प्रिवेडिंग शूट नहीं करेंगे। सगाई और शादी में तेज आवाज पर साउंड सिस्टम मुख्य रूप से डीजे का उपयोग नहीं करेंगे। अध्यक्ष घनश्याम देवांगन ने कहा कि हर वो कुरीति एवं रीति बंद होनी चाहिए, जो समाज के विकास में बाधक हो। समाज के शिक्षित एवं समझदार वर्ग को इन कुरीतियों को दूर करने पहल करना चाहिए।



### मृत्य संस्कार की प्रथाएं बंद होंगी

देवांगन ने बताया कि बैठक में हुए निर्णय के अनुसार विवाह में प्रिवेडिंग शूट बंद करने, सगाई एवं शादी समारोह में डीजे पर प्रतिबंध लगाने, शराब एवं नशाबंदी करने, शादी एवं मृत्यु संस्कार के अनावश्यक प्रथा, शो-बाजी एवं नेंग को बंद कर समाज द्वारा निर्धारित श्रेष्ठ एवं सादा संस्कार को अपनाने संबंधी अनेक निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए है। मृत्यु होने पर परिवार के अलावा अन्य लोगों द्वारा कफ़न का कपड़ा ओढ़ाने, गंगा यात्रियों को वस्त्र भेंट करने, भोज में शाही पकवान परोसने जैसे अनेक परंपराओं को समाप्त करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए है। इसकी जगह आवश्यकतानुसार मृतक के परिवार को स्वेच्छा से आर्थिक सहयोग राशि देने हेतु सहमति बनी है।

### बच्चों को मिलेगी समान परवरिश

लड़का एवं लड़की में कोई भेदभाव नहीं करने एवं उनकी शिक्षा दीक्षा व परवरिश में समान अवसर उपलब्ध कराने का भी संकल्प लिया गया। कुछ अच्छी परंपराएं जिसकी शुरुआत समाज के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने स्वयं की है, जिसमें उन्होंने अपने माता-पिता के निधन पर अन्य लोगों द्वारा कफ़न का कपड़ा ओढ़ाने, गंगा यात्रियों को वस्त्र भेंट करने, पगबंधी आदि पुरानी परंपराओं को बंद करने की पहल की। उनके द्वारा दशगात्र के दिन ही अपने पिता स्व. तुलाराम देवांगन की स्मृति में बालक छात्रवृत्ति एवं माता स्व. श्रीमती उर्मिला देवांगन की स्मृति में बालिका छात्रवृत्ति आरंभ की गई।

### 2 फरवरी को परमेश्वरी महोत्सव

बैठक में आगामी 2 फरवरी 2025 को परमेश्वरी महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। ईष्ट देवी माता परमेश्वरी की शोभायात्रा निकालने, सामाजिक पत्रिका आवरण के 28 वें अंक का प्रकाशन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन, विशिष्ट प्रतिभाओं का सम्मान, उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करने, परमेश्वरी उद्यान की भूमि की आबंटन प्रक्रिया में तेजी लाने, परमेश्वरी भवन का संधारण एवं साज-सज्जा कराने आदि निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में कई अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा के बाद निर्णय लिए गए। समिति में 300 से ज्यादा देवांगन परिवार सदस्य बैठक में जानकारी दी गई कि समिति में 300 से ज्यादा सदस्य जुड़े हुए हैं। इसके अलावा अन्य लोग जुड़े हुए हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों का व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार किए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में सचिव विनोद देवांगन, कोषाध्यक्ष गजेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष गण, त्रिलोक देवांगन, टेसू राम देवांगन, रेशमलाल देवांगन, श्रीमती कल्पना भानु देवांगन, दयाराम देवांगन, सहसचिव गण जीतेन्द्र बांकुरे, गोवर्धन देवांगन, भवन प्रभारी सत्यपाल देवांगन, प्रतिभा सम्मान प्रभारी संतोष देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी रामगोपाल देवांगन, पर्यटन प्रभारी जुगल किशोर देवांगन आदि मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# रिटायरमेंट के बाद जीवन के नए पड़ाव की शुरुआत



**भिलाई।** शहर की कला व संस्कृति के क्षेत्र में सक्रिय रूप से जुड़े शौकिया फोटोग्राफर वीरेंद्र पटनायक भिलाई स्टील प्लांट में लंबी सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। बीएसपी मैनेजमेंट की ओर से उन्हें ससम्मान औपचारिक विदाई दी गई। वहीं विभिन्न संगठनों ने भी उनका अभिनंदन किया और जुलूस के रूप में घर लेकर आए। जीवन के नए पड़ाव की शुरुआत पर वीरेंद्र पटनायक ने अंगदान का संकल्प प्रारूप औपचारिक रूप से जमा कर दिया है। अपनी सेवानिवृत्ति पर उन्होंने कहा कि जीवन धूप-छांव है और नया बदलाव सहर्ष स्वीकारते हुए वह समाज में अपना उल्लेखनीय योगदान देंगे। सारंगढ़ के मूल निवासी श्री पटनायक ने 14 अगस्त 1987 से बीएसपी के ब्लूमिंग व बिलेट मिल के विद्युत विभाग में अपनी सेवाएं प्रारम्भ की थी। बाद के दौर में वह स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और अब वैगन रिपेयर शॉप में भी रहे। बीएसपी में अपनी सेवा के दौरान उन्होंने सृजनात्मकता के नए आयाम तय किए। जिसमें विभागीय कार्यों के अलावा सुरक्षा से जुड़े विषयों पर गीत, पोस्टर, फोटोग्राफ, और नाट्य कला मंचन में हमेशा बढ़ चढ़कर भागीदारी दी।सेवानिवृत्ति पर विभाग की ओर से वैगन रिपेयर शॉप और प्रबंधन की ओर से भिलाई निवास में उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। विदाई पर ट्रांसपोर्ट एंड डीजल विभाग के मुख्य महाप्रबंधक गोपीनाथ मलिक ने उनका सम्मान करते हुए उनके योगदान को याद किया। विदाई समारोह पश्चात सेक्टर-10 निवासियों, बी.बी.एम.वॉरियर्स, बी.एस.पी. कोऑपरेटिव सोसाइटी सेक्टर-4, भिलाई आर्ट्स क्लब, ललित कला अकादमी, कला साहित्य मित्र, छत्तीसगढ़ कलमकार मंच, निरंजन योग समूह और एस.एम.जी-बी.एन.आई.ग्रुप से संबद्ध सभी लोगो ने घर पर भी सम्मानित किया। जहां उनके माता, सास-ससुर और अन्य पारिवारिक रिश्तेदारों ने स्नेहिल स्वागत किया।

- **जुलूस के साथ घर लौटे पटनायक**



## स्पोर्ट्स इवेंट

# तैराकी टीम के 8 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया स्पर्धा के लिए किया क्वालीफाई



**भिलाई।** उत्तर पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय तैराकी महिला-पुरूष प्रतियोगिता का आयोजन कलिंगा विश्वविद्यालय भुनेश्वर ओडिसा में 28 से 30 नवबंर तक किया गया था जिसमें हेमचंद् यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की तैराकी टीम के 8 खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। खिलाड़ियों के इस जीत पर विश्वविद्यालय के कुलपति व आयुक्त दुर्ग संभाग सत्य नारायण राठौर, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप एवं खेल संचालक डॉ दिनेश नामदेव ने सभी को शुभकामनाएं दी। इस टीम के मैनेजर प्रज्ञा ताम्रकर, खेल सहायक शासकीय महाविद्यालय साजा कोच तामेश्वर व्यायाम शिक्षक शासकीय उच्च मा. स्कूल पाउवारा है। पिछले सत्र 2023-24 में तैराकी पुरूष महिला प्रतियोगिता में कुल 7 खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था। वर्तमान सत्र 2024-25 में भी 8 खिलाड़ियों ने आल इंडिया प्रतियोगिता के क्वालीफाई किया है।

### इन खिलाड़ियों ने किया क्वालीफाई

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों में डोमन देवांगन शासकीय दानाराम महाविद्यालय उतई, खेवन लाल निषाद मनसा महाविद्यालय कोहका भिलाई, हीना ओझा शासकीय पीजी. महाविद्यालय दुर्ग, भूमिका ओझा शासकीय गर्ल्स कॉलेज दुर्ग, हेमलता ओझा शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय उतई, दिलेश्वरी ओझा शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय दुर्ग, धनु ओझा शासकीय गर्ल्स महाविद्यालय दुर्ग, ईशा देशलहरे शासकीय दानवीर तुलाराम महाविद्यालय है। अब यह सभी खिलाड़ी ऑल इंडिया प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

### नशा जीवन को बर्बाद करता है, दुष्प्रभावों पर की चर्चा

**भिलाई।** बी एम महाविद्यालय में आईक्यूएसी के अंतर्गत सोमवार को नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं वक्ता कल्याण नशा मुक्ति केंद्र भिलाई के डायरेक्टर अजय कल्याणी थे। कार्यक्रम में बीएड प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थी तुषार ने नशा व्यक्ति के विवेक को नष्ट कर देता है, और जीवन को बर्बाद करता है, इसकी रोकथाम कैसे की जाये सहित कई प्रश्न किया पूछे। छात्रा दीप्ति ने नशा के दुष्प्रभावों पर चर्चा की। इसी तरह अन्य विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में महाविद्यालय की डायरेक्टर भानुमति साव ने नशे को समाज का अभिशाप बताते हुए नशा मुक्त समाज बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का समापन ओम प्रकाश शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए समय-समय पर नशा उन्मूलन अभियान चलाने की बात कही।



● मनाया एनसीसी डे, कैडेट्स ने गीत, संगीत और सामूहिक प्रस्तुति देकर मोहा मन

# मैं भारत का जवान, दुश्मनों से नहीं डरता और महिला सशक्तिकरण पर दी नृत्य की प्रस्तुति

**भिलाई।** मैं भारत का जवान, मैं दुश्मनों से नहीं डरता जैसी लाइन ने खूब तालियां बंटोरी। शिक्षाधानी के सेक्टर-7 स्थित कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में 76वां एनसीसी स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कैडेट्स ने देश भक्ति गीत व कविताओं को सुनाकर और नृत्य द्वारा सभी में ऊर्जा का संचार किया साथ ही हम सब भारतीय है की थीम पर ड्रामा की प्रभावशाली प्रस्तुती से सभी को आकर्षित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा की उपस्थिति में कैडेट्स ने मार्च पास्ट कर सलामी दी।









### परेड निरीक्षण कर किया मार्च पास्ट

कार्यक्रम की शुरुआत में उदित राज पटेल, हंसराज, भगवतीन, अमीला मरकाम के द्वारा मुख्य अतिथि को मंच तक लाया गया। सीनियर अंडर ऑफिसर कमांडर जय कुमार ने मुख्य अतिथि से अनुमति लेकर परेड निरीक्षण कराया गया। इसके बाद मार्च पास्ट किया गया, जिसमें कमांडर सीनियर अंडर ऑफिसर जय कुमार के साथ जूनियर अंडर ऑफिसर भावेश कुमार, जूनियर अंडर ऑफिसर अदिति नेताम, सेकंड इंचार्ज के साथ प्लाटून नंबर 1 के कमांडर सार्जेंट उमेश कुमार, प्लाटून नंबर दो के कमांडर सार्जेंट विक्रम सरकार, प्लाटून नंबर तीन के कमांडर कैडेट कॉर्पोरेल स्नेहा बेहरा तथा प्लाटून नंबर चार के कमांडर लाइनस कॉरपोरल प्राची मंडावी ने मार्च पास्ट करते हुए मुख्य अतिथि को सलामी दी।

### गीत, कविता व नृत्य कर दिया सामाजिक संदेश

मार्च पास्ट के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में किया गया। इसमें कैडेट अनु साव ने देश भक्ति कविता, कैडेट विक्रम ने देशभक्ति गीत, कैडेट दिव्यानी ने देशभक्ति गीत, जय कुमार ने कविता, कैडेट माही ने देश भक्ति कविता, कैडेट लक्ष्मीकांत गजपाल ने कविता प्रस्तुत किया। नीलू साहू एवं समूह ने 'महिला सशक्तिकरण' पर नृत्य, कैडेट जयप्रकाश साहू ने देशभक्ति गीत, अदिति नेताम व समूह ने 'हम सब भारतीय हैं' थीम पर ड्रामा को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.हरीश कश्यप और लेफ्टिनेंट डॉ.के.नागमणि के निर्देशन में किया गया।

### दर्ज करायी अपनी उपस्थिति, किया प्रोत्साहित




इस मौके पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक व वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ.पी.एस.शर्मा, शिक्षा संकाय की अध्यक्ष डॉ.बनिता सिन्हा, विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ.गुणवंत चंद्रौल, कला संकाय के डॉ.के.एन.दिनेश, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ.मणिमेखला शुक्ला, हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अंजन कुमार, शिक्षा संकाय की सहायक प्राध्यापक डॉ.आरती मिश्रा, डॉ.कविता वर्मा, डॉ.अनीता श्रीवास्तव, डॉ.सुमित्रा मौर्य, डॉ.शबाना, डॉ.एन.पापा राव, वाणिज्य संकाय से डॉ.रंजना शर्मा, शिवानंद चौबे, डॉ.कल्पना त्रिवेदी, जितेंद्र सिंह, अमित अग्रवाल, योगेश रामटेक, गीतांजलि जायसवाल, एनसीसी के पूर्व कैडेट्स अमित कुमार, राज गुप्ता, हितेश कुमार, तुषार कुमार, भूमिका सोनवानी, जागेश्वरी साहू, तनु, शोभा, फाल्गुनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन खुशबू नेताम और प्रेम दिलहरे ने किया।

## गुरु पर्व की शुरुआत

# बाबा के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने लिया संकल्प, जलाए पांच हजार दीप



**भिलाई।** गुरु पर्व माह दिसंबर की शुरुआत में ही समाज के युवाओं के संगठन जय सतनाम युवक- युवती संगठन ने भिलाई में भव्य आयोजन रखा। सतनाम भवन सेक्टर-6 में दिसंबर माह की पहले सोमवार को 5 हजार दीप जलाए गए। सतनामी समाज के युवक-युवतियों ने बाबा गुरु घासीदास के बताए उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। आयोजक समाज के लोगों ने बताया कि, गुरु घासीदास बाबा ने सत्य के मार्ग पर चलने का रास्ता दिखाया है। गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को अपनाकर युवा वर्ग समाज को नई दिशा दे रहे हैं। समाज के वरिष्ठों का मार्गदर्शन भी हमारे लिए उपयोगी है। बाबा गुरु घासीदास ने मनखे - मनखे एक समान का नारा दिया है। सभी मनुष्य एक समान हैं, कोई छोटा या बड़ा नहीं है। ईश्वर ने सभी मनुष्यों को एक जैसा बनाया है। इसलिए जन्म के आधार पर किसी के साथ भी कोई भेद भाव नहीं होना चाहिए।



**ये लोग रहे थे मौजूद:** इस मौके पर जय सतनाम युवक-युवती समिति संगठन के प्रमुख रुपेश बारले, सुरेंद्र बाघमारे, लोकेश भारती, बँटी घृतलहरे, रोहन बरमाल, प्रीतम घृतलहरे, पंकज मारकंडे,हरेंद्र चेलक, दुष्यंत पाटिल, नीतीश धृतलहरे, हर्ष मार्कण्डेय, अभिषेक टंडन, मनीष, हिमांशु बघेल, भावेश, रुपेश, रविंद्र, रौशन, भूपेंद्र जांगडे, झलक बांधे, रश्मि बनज, हर्षिका टंडन, बेबी टंडन, पूर्णिमा भारद्वाज, मेघा नवरके, गीतू बांधे, हर्षा रात्रे, प्रीति देशलहरे, सोनिया मिरी आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

# संताजी महाराज की 400वीं जयंती पर निकलेगी बाइक रैली



**भिलाई।** संताजी संस्कृति मंडल एवं महाराष्ट्रीयन तेली समाज भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत तेली समाज के गौरव संता महाराज के 400वें जन्मदिवस पर भव्य बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र डोर्ले एवं महासचिव आशीष चिन्धालोरे ने जानकारी देते हुए बताया यह बाइक रैली संस्था की अवंती बाई चौक से आरंभ होकर सुपेला, नेहरू नगर की ओर आगे बढ़ेगी।

महिला मंडल की अध्यक्ष निशा मलेवार एवं सचिव हेमा पोहाने ने सामाजिक कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे घर को चलाने के लिए और घर की व्यवस्था के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक होती है इस तरह से किसी भी समाज को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं की उपस्थिति और भागीदारी बहुत आवश्यक है। उन्होंने पुरुषों से भी अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को आगे लाने में सहयोग करें। समाज का कार्यक्रम भी हमारा पारिवारिक कार्यक्रम बनना चाहिए। इस बार पूजा एवं वंदना कार्यक्रम की जिम्मेंदारी महिलाओं को दी गई। समाजसेवी डॉ. अजय आर्य ने इस अवसर पर कहा कि जब हम महापुरुषों को याद करते हैं तो उनके परोपकार और लोक कल्याण के कार्यक्रमों को भी हमें याद रखना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों में समाज सेवा कार्य के अंतर्गत दवा वितरण, स्वास्थ्य परीक्षण जैसे कार्यक्रमों को सामाजिक लोगों द्वारा आयोजित किया जाना चाहिए। समाजसेवी डॉक्टर्स से संपर्क करके लोक कल्याण के कार्यक्रम किए जाने चाहिए। कार्यकारिणी के सभी लोगों ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया और स्वास्थ्य शिविर लगाने की स्वीकृति और इच्छा जताई। बैठक में मोहित साकरकर, आशीष चिन्दालोरे, आर के भान्गे, निशा मलेवार, हेमा पोहाने उपस्थित रहे।

**8दिसंबर को होगा आयोजन, भोग प्रसाद का वितरण**

## बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन

# बालिकाएं हो रही सशक्त, पर उनसे अमानवीय व्यवहार की तस्वीरें डराती हैं, प्रतिभावानों का सम्मान कर किया प्रोत्साहित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** अखिल भारतीय उत्कृष्ट समूह द्वारा रिसाली में बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर, सरस्वती वंदन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत बेच लगाकर चंदन तिलक व पुष्पहार से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में अखिल भारतीय उत्कृष्ट समूह की अध्यक्ष शानू मोहनन ने कहा कि वर्तमान समय में सरकार ने और समाज व परिवार ने बालिकाओं को आगे बढ़ाया है, किंतु उनके साथ अमानवीय व्यवहार की तस्वीर भी हमें डराती है। बालिका सुरक्षा के मद्देनजर कोई एक दिवस नहीं अपितु प्रतिदिन उनके उत्थान और सुरक्षा की बात होनी चाहिए।



### बालिका सम्मान और सुरक्षा पर ध्यान जरूरी: हंसा

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही समाजसेविका रजनी बघेल ने सरकार की योजना बेटी पढ़ाओ- बेटी बचाओ, सुकन्या समृद्धि योजना, धनलक्ष्मी योजना और राज्य सरकार की योजनाओं पर विस्तार से बातें कही। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. हंसा शुक्ला ने बालिकाओं के लिए पारिवारिक संस्कार, अनुकूल शिक्षा, हर क्षेत्र में उनकी प्रतिभा, प्रवीणता के साथ उनकी समान प्रतिष्ठा और उनकी सुरक्षा के विषय पर सारगर्भित उद्बोधन दिया।

### प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। अतिथियों द्वारा प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान किया गया। जिनका सम्मान किया गया उनमें वालीवाल की नेशनल खिलाड़ी दिव्या, प्राची शुक्ला, आरुषी मिश्रा, आध्या मिश्रा, रूपाली चंद्राकर, रेणु चंद्राकर, रजनी, रेणुका, अनुश्री भट्टाचार्य, शुभनीत कौर शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन रिंकू भट्टाचार्य ने किया। इस अवसर पर स्वर कोकिला जयलक्ष्मी द्वारा सरस्वती वंदना की गई। कार्यक्रम में डॉ. हंसा शुक्ला, रजनी बघेल, पोल्लमा, मिथिला खिचारिया, जयलक्ष्मी, पार्षद जमुना ठाकुर, सुनंदा चंद्राकर, शैलेंद्र शिंदे, सीमा साहू, सांसद प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर, पार्षद प्रेमलाल साहू, अभिलाष मिश्रा, विकास भट्टाचार्य, बबली कौर, सोनम गुप्ता समेत बड़ी संख्या में बालिकाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में रजनी बघेल, सगारिका पाढ़ी, विकास भट्टाचार्य, जमुना ठाकुर का सराहनीय योगदान रहा। मंच व्यवस्था रिकू भट्टाचार्य का रहा। धन्यवाद अभिलाष मिश्रा द्वारा किया गया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### सिख प्रीमियर लीग 6 दिसंबर से, मैदान में उतरेंगी 12 टीमें




**रायपुर।** शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन रायपुर द्वारा हर साल आयोजित किये जाने वाली नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता इस साल 6 दिसंबर से शुरु हो रही है। सिख प्रीमियर लीग (एसपीएल) के आयोजन का यह सोलहवां वर्ष हैं। सभी तैयारियां पूरी हो गई है। संस्था के प्रमुख त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि हर साल ये कोशिश होती है प्रायः सभी प्रमुख शहरों से आने वाली टीमें प्रतियोगिता में शामिल रहे। इस बार कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैं जिसमें प्रमुख रूप से जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, नांदेड़, नागपुर, हैदराबाद, छत्तीसगढ की टीमें शामिल रहेंगी। डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में मैच खेला जायेगा। फाइनल मैच 16 दिसंबर को होगा। नियमावली हर साल होने वाले आयोजन की तरह ही है।

### नेशनल कराते चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ को 5 रजत और 6 कांस्य




**रायपुर।** ऑल इंडिया कराते डू फेडरेशन द्वारा 32वीं ए आई .के.एफ नेशनल कराते चैंपियनशिप का आयोजन ग्रेटर नोएडा के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुआ। जिसमें विभिन्न राज्यों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस चैंपियनशिप में सर्वाधिक पदक जीतकर उत्तर प्रदेश प्रथम व मध्य प्रदेश, राजस्थान क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 रजत व 6 कांस्य पदक जीते। बालक वर्ग के व्यक्तिगत काता और फाइट में छत्रपाल साहू, पवित्र सोनकर , हर्ष अवस्थी बालिका वर्ग में कुमुद दौडिया, तथा पुरुष वर्ग टीम काता में अभिषेक पांडे भविष्य श्रीगंगे संदीप ने फाइनल मुकाबले में कुछ अंक से पिछड़ कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीता। वहीं हर्ष अवस्थी, भविष्य श्रीगंगे और रणवीर सिंह ठाकुर ने व्यक्तिगत वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग के टीम काता में हर्ष अवस्थी, अभिषेक व्यास, पवित्र सोनकर तथा बालिका वर्ग 18 वर्ष से अधिक टीम काता में नेहा खुटी, भूमिका ठाकुर, ट्विंकल दौडिया ने कांस्य पदक प्राप्त किया। चैंपियनशिप के दौरान आयोजित फेडरेशन की सामान्य सभा में छत्तीसगढ़ कराते संघ के सचिव अजय साहू ने भाग एवं 33 वीं राष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप का आयोजन छत्तीसगढ़ में करने का प्रस्ताव रखा। इस चैंपियनशिप के पूर्व रेफरी सेमिनार व परीक्षा का आयोजन हुआ। जिसमें प्रदेश के मोहम्मद नियाज का चयन हुआ। खिलाड़ियों के रायपुर आगमन पर आज रेलवे स्टेशन में बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया गया खिलाड़ियों की सफलता पर छत्तीसगढ़ कराते संघ के अध्यक्ष विजय अग्रवाल, उपाध्यक्ष ओ पी शर्मा, कमलेश देसाई, विवेकानंद भट्टाचार्य, योगेश राज कोटिया और नेहा पुरोहित ने हर्ष जताया है।

### वेटरन क्रिकेट में वारियर्स और टाइटंस को मिली जीत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ लेजेन्डस प्रीमीयर लीग 2024 का आयोजन एक से 7 दिसंबर 2024 तक किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की कुल 6 टीम हिस्सा ले रहीं है। लीग में 35 वर्ष से अधिक की आयु के लगभग 120 खिलाडी हिस्सा ले रहें है। पहले दिन का पहले मैच क्युसीआई वारियर्स तथा लिटिल स्टार इनफिनिटी के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर में खेला गया। क्युसीआई वारियर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बारिश की वजह से मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। लिटिल स्टार इनफिनिटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 123 रन बनाए। इनफिनिटी की ओर से विक्रम बत्रा ने शानदार 35 रन बनाये तथा टीम को खराब शुरुआत से उबारा। उनके अतिरिक्त मनदीप सिंह ने 22 रन बनाये। क्युसीआई वारियर्स की ओर से जितेन्द्र गिरी ने 2 विकेट, कृष्णा तथा कलीम खान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। 124 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्यु.सी.आई. वारीयर्स की टीम ने 14.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया। वारियर्स की ओर से कृष्ण कुमार द्विवेदी ने 33 रन तथा कलीम खान ने 32 रन बनाये। इनफिनिटी की ओर से मनोज सोनी तथा राजेश खूबवानी ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। वारियर्स ने मैच 4 विकेट से जीत लिया। वारियर्स के जितेन्द्र गिरी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

दूसरा मैच प्रगति प्राइड, रायपुर तथा स्टील टायटन्स, भिलाई के मध्य आरडीसीए मैदान रायपुर में खेला गया। स्टील टायटन्स, भिलाई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। प्रगति प्राइड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 164 रन बनाये।

● लगातार बढ़ रही है डायबिटिक फुट की समस्या

# मधुमेह का स्तर अगर बढ़ा रहता है तो सीधा असर आपके पैरों पर भी, रहें सचेत

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है, जिसमें पैरों को काटना तक पड़ सकता है। ब्लड शुगर का अक्सर बढ़ा रहना सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। समय के साथ इसके कारण न सिर्फ टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम रहता है साथ ही ये आंखों, किडनी, हार्ट और पाचन तंत्र के लिए भी समस्याकारक है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपना शुगर कंट्रोल रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर का सामान्य स्तर 70 से 100 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर के बीच होता है। भोजन के बाद अगर आपका शुगर लेवल लगातार 130 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर या इससे अधिक बना रहता है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है।



### ब्लड शुगर बढ़े रहने के नुकसान

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है। ये कई मामलों में खतरनाक है, गंभीर स्थितियों में रोगी की जान बचाने के लिए पैरों को काटना तक पड़ सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, डायबिटीज की गंभीर स्थिति रक्त वाहिकाओं को क्षतिग्रस्त करने लग जाती है, जिसके कारण कुछ लोगों को डायबिटिक फुट बीमारी का खतरा हो सकता है।

### क्या है डायबिटिक फुट बीमारी?

पुणे स्थित एक अस्पताल में एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ आमिर काजी बताते हैं, डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या जिसमें पैरों की नसों को नुकसान पहुंचने लगता है, इसके कारण अक्सर पैरों में दर्द, झुनझुनी और सुन्नता बनी रहती है। इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो पैर की उंगलियां और अन्य हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है जिससे कोशिकाएं डेड होने लग जाती है। पैरों पर काले धब्बे दिखना इसका संकेत है, शुगर बढ़े रहने के कारण ये अल्सर में बदलने लगते हैं। इस स्थिति में प्रभावित हिस्से को काटने तक की भी नौबत आ सकती है। पैरों में इसका असर अधिक देखा जाता रहा है।

### डायबिटिक फुट में क्या दिक्कत होती है?

डायबिटिक फुट और अल्सर की समस्या मधुमेह वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगियों में देखी जाती है। पैरों में रक्त का संचार कम हो जाने के कारण वहां की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं जिसके कारण सड़न और घाव हो सकती है। पैरों की उंगलियों, तलवे या ऊपरी सतह पर सड़न और घाव होने की स्थिति में सुधार न होने पर प्रभावित हिस्से की सर्जरी करनी होती है जिससे अन्य हिस्से को बचाया जा सके। इस तरह की समस्या को जानलेवा भी माना जाता है।

### क्या कहते हैं डॉक्टर?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जिन लोगों को डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या है उन्हें पैरों की विशेष देखभाल करनी चाहिए। पैरों को गुनगुने पानी और साबुन से धोएं और अच्छी तरह से सुखाएं, खासकर पंजों के बीच में। पैरों की त्वचा को ठीक से मॉइस्चराइज किया जाना चाहिए। ये दिन में दो से तीन बार जरूर करें। इसके अलावा, नंगे पैर न चलना, सही आकार के जूते पहनना और पैरों को किसी प्रकार की चोट से बचाकर रखना बहुत जरूरी है। समय-समय पर शुगर की जांच जरूर कराते रहें।



# छत्तीसगढ़ के तीरंदाज हिस्सा लेंगे अखिल भारतीय विवि खेलों में

**श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन**



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय परिसर में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा अंतर महाविद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में रायपुर सेक्टर से पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के 12 संबद्ध महाविद्यालयों के कुल 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में 15 लड़कियों और 15 लड़कों ने अपनी तीरंदाजी कौशल का प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने कंपाउंड राउंड, इंडियन राउंड और रिकर्व राउंड में अपनी प्रतिभा दिखाई। मुख्य अतिथि यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष एवं टीआईएसएस चांसलर प्रो. डी.पी सिंह ने विद्यार्थियों और प्रतिभागियों से भेंट कर कहा कि मेरे लिए यह वास्तव में सम्मान की बात है। हम न केवल खेल की भावना के लिए बल्कि शिक्षा, ज्ञान और रचनात्मकता के आदर्शों को अपनाने के लिए भी एकत्र हुए हैं जो हमारे भविष्य को आकार देंगे। इस प्रतियोगिता के शीर्ष चार खिलाड़ियों का चयन किया गया, जो केकेआईटी भुवनेश्वर, ओडिशा में आयोजित अखिल भारतीय विश्वविद्यालय खेलों में भाग लेंगे।

बॉयज केटेगरी इंडियन राउंड के विजेता नकुल सिंह (विप्र कॉलेज) ,कंपाउंड राउंड के विजेत अर्क महोबिया (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड के विजेता मयूर (महाराजा अग्रसेन कॉलेज) रहे।

गर्ल्स केटेगरी में इंडियन राउंड की विजेता हर्षिता साहू (शासकीय छत्तीसगढ़ कॉलेज), कंपाउंड राउंड की विजेता आर्शी यादव (महंत कॉलेज), रिकर्व राउंड की विजेता क्षमा पिस्दा (शासकीय डी. बी गर्ल्स कॉलेज) रही। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रतियोगिता ने न केवल प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया, बल्कि युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित भी किया।

इस तीरंदाजी प्रतियोगिता के सभी उत्कृष्ट विजेताओं और प्रतिभागियों को यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति हर्ष गौतम, कुलपति प्रो. एस. के सिंह और शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशक डॉ.सुमित तिवारी ने शुभकामनाएं दी और कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में खेल के प्रति जागरूकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देना था।

### मुश्ताक अली ट्रॉफी में शशांक और अनुज की शानदार पारी





**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024-25 का आयोजन 23 नवंबर से जारी है। जिसमें ग्रुप डी में छत्तीसगढ़ की टीम का पांचवा टी-20 मैच मंगलवार को विषाखापटनम में विदर्भ टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। विदर्भ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 206 रन बनाये। विदर्भ की ओर से एस बी दुबे ने नाबाद 52 रन तथा मंदार महाले ने 39 रनों की पारी खेली। छत्तीसगढ़ की ओर से शशांक सिंह 3 विकेट प्राप्त किये। 207 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम 19.5 ओवरों में 190 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। छत्तीसगढ़ की ओर से अनुज तिवारी ने 98 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आशुतोष सिंह तथा प्रतीक यादव ने 24-24 रनों का योगदान दिया। वहीं विदर्भ की ओर से डी नालकंडे ने 3 विकेट तथा यश ठाकुर ने 2 विकेट प्राप्त किए। विदर्भ ने मैच 16 रनों से जीत लिया।

## मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बच्चों को जरूर सिखाएं योगासन



बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मार्ग की तरह है। शिक्षा प्राप्त करने बच्चे स्कूल जाते हैं। स्कूल में बच्चों को हर दिशा में निपुण बनाने के लिए कई विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अक्सर बच्चे किसी विषय में कमजोर होते हैं, जिस पर उन्हें अधिक ध्यान लगाने की जरूरत होती है। वहीं कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं, जिसके लिए वह घंटे पढ़ाई करते हैं।हालांकि घंटों बैठकर पढ़ने से अक्सर बच्चों को अनिद्रा, आंखों में जलन, सिर दर्द या शरीर दर्द जैसी समस्या भी होने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित न होने पाने की शिकायत भी आम है। अगर आपका बच्चा भी स्कूल व कोचिंग की घंटो क्लास लेता है, या अपने कमरे में बैठकर घंटों पढ़ाई करता है, तो उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। बच्चे को शारीरिक तौर पर सक्रिय रहने की भी जरूरत होती है और मस्तिष्क को आराम देना भी जरूरी होती है। ऐसे में यहां कुछ योगासनों के बारे में जानकारी दी जा रही है। अगली स्लाइड्स में जानिए घंटों बैठकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए योग।

### ध्यान केंद्रित करने के लिए योग



पढ़ाई करते समय अक्सर बच्चों को ध्यान केंद्रित नहीं होता। इस कारण उनका मन भटकता रहता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। लगातार किताब लेकर बैठने का अर्थ पढ़ाई करना नहीं होता। बच्चा पढ़ाई पर फोकस कर सके, इसलिए वृक्षासन का अभ्यास कराएं। इस योग से शरीर का संतुलन बना रहता है और ध्यान एकाग्र करने में मदद मिलती है।

### वृक्षासन के अभ्यास का तरीका

वृक्षासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।

### आंखों को आराम देने के लिए योग

लगातार पढ़ाई से आंखों में दर्द होने लगता है और नजर कमजोर होने की शिकायत भी हो सकती है। आंखों को आराम देने और नजर तेज करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। इस योग से फेफड़ों, कानों और नाक पर भी असर होता है।

### भस्त्रिका प्राणायाम का तरीका

इस आसन को करने के लिए सुखासन की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ें।

### शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग



एक ही स्थान पर बैठकर घंटों पढ़ाई करने से शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है। गलत पोजीशन में बैठकर पढ़ने या सिर झुकाकर पढ़ाई करने से पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या हो जाती है। लगातार बैठे रहने के बजाए बीच में उठकर कुछ देर पैदल चलना चाहिए।

**कार्नर न्यूज**

## दफ्तर में कभी न करें ये काम, वरना बिगड़ जाएगी आपकी छवि

# दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका बनाता और बिगाड़ता है आपकी छवि को

*दफ्तर में लगभग 8 से 9 घंटे व्यय करते हैं। इस दौरान दफ्तर के अंदर आपकी एक अलग लाइफस्टाइल बन जाती है। इस दौरान आपका प्रोफेशनल बर्ताव बॉस समेत सहकर्मियों को भी प्रभावित करता है। इसका असर आपके कामकाज और तरक्की पर भी होता है। दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका आपकी छवि को बनाता और बिगाड़ता है। एक सकारात्मक छवि न केवल सहकर्मियों और बॉस पर अच्छा प्रभाव डालती है, बल्कि आपके करियर को भी आगे बढ़ाने में मदद करती है। वहीं, कुछ गलतियां आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं और आपकी छवि को खराब कर सकती हैं। दफ्तर में आपका हर काम और व्यवहार आपकी छवि का प्रतिबिंब होता है। इसलिए, प्रोफेशनल माहौल में अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मकता बनाए रखना बेहद जरूरी है।*



### समय पर दफ्तर न पहुंचना

दफ्तर पहुंचने में रोज ही देर करते हैं तो इससे आपकी कार्यक्षमता पर सवाल उठते हैं। साथ ही आपके अनुशासनहीन होने का भी संकेत देता है। समय पर न पहुंचने से सहकर्मी और बॉस दोनों ही आपसे नाराज हो सकते हैं।

### अनावश्यक गॉसिप करना

गॉसिप करना किसी भी दफ्तर का हिस्सा हो सकता है, लेकिन इसमें अति करना आपकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर दूसरों की आलोचना या ऑफिस की गोपनीय जानकारी साझा करना आपकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर सकता है।

### काम को टालना

दफ्तर में काम को टालने की आदत आपको आलसी और गैर-जिम्मेदार साबित कर सकती है। इससे न केवल आपकी छवि खराब होती है, बल्कि आपके सहकर्मी भी परेशान हो सकते हैं, क्योंकि आपकी देरी उनके काम को भी प्रभावित कर सकती है।

### सहकर्मियों के काम का क्रेडिट लेना

कई बार बॉस के सामने अपना इंप्रेशन बनाने के लिए लोग टीम वर्क का क्रेडिट या सहकर्मी के काम का श्रेय ले लेते हैं। इसके अलावा दूसरों के काम व मेहनत को छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं। इससे आपके टीम वर्क स्किल पर सवाल उठ सकते हैं। साथ ही आपकी ये आदत सहकर्मियों के बीच आपको अप्रिय बना सकती है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# आंख की रोशनी जाने की वजहों का खुलासा किया ब्रिटिश गायक एल्टन ने



हाल ही में मशहूर ब्रिटिश गायक और गीतकार एल्टन जॉन ने बताया कि किस कारण से उनकी एक आंख की रोशनी चली है। साथ ही उन्होंने अपनी आने वाली डॉक्यूमेंट्री एल्टन जॉनः इट्स नेवर टू लेट को लेकर भी खुशी जताई। कलाकारों को भी अपने जीवन में मुश्किल दौर देखना पड़ता है। ऐसा ही कुछ मशहूर ब्रिटिश गायक और गीतकार एल्टन जॉन के साथ भी हुआ है। उनकी एक आंख की रोशनी चली गई है। ऐसा कैसे हुआ? हाल ही में एल्टन जॉन ने इस बारे में विस्तार से बताया। एल्टन जॉन द डेविल वियर्स प्राडा- द म्यूजिकल देखने के लिए पहुंचे थे। लेकिन वह सिर्फ इस शो को सुन ही पाए क्योंकि देख पाना उनके लिए मुमकिन नहीं था। इस शो के गाने उन्होंने ही लिखे हैं। एल्टन ने अपने इस शो के एक्सपीरियंस के बारे में कहते हैं, 'मैंने अपनी आंखों की रोशनी खो दी है, इसलिए मैं यह शो देख नहीं पाया लेकिन मैंने इसे सुनने का पूरा मजा लिया है। शो के बाद एल्टन को उनके पार्टनर डेविड फर्निश ने काफी मदद की। एल्टन ने यह बात लंदन के डोमिनियन थिएटर में आयोजित किए गए अपने एड्स फाउंडेशन के चैरिटी फंक्शन में कही। यह चैरिटी फंक्शन रविवार शाम को हुआ। पिछले हफ्ते एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में एल्टन बताते हैं कि आखिर उनकी आंख की रोशनी कैसे चली गई। साथ ही इस वजह से उनका नए एलबम का काम भी रूक गया है। वह कहते हैं, ' जब मैं जुलाई महीन में फ्रांस में था तो एक इंफेक्शन की वजह से मेरी दायीं आंख की रोशनी चली गई। चार महीने से मैं देख नहीं पा रहा हूं।

### टॉलीवुड


# शिवाजी की भूमिका निभाएंगे कांतारा फेम ऋषभ, आई पहली झलक



कंतारा स्टार ऋषभ शेट्टी ने निर्देशक संदीप सिंह की आगामी ऐतिहासिक ड्रामा ₹द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया जा चुका है, जिसमें शिवाजी महाराज के किरदार में ऋषभ शेट्टी को देखकर प्रशंसक बेहद उत्साहित हैं। भारतीय राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार विजेता अभिनेता ऋषभ शेट्टी ने इस ऐतिहासिक फिल्म ₹द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का पहला पोस्टर कुछ ही देर पहले ऋषभ शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया है, जिसे लेकर कंतारा स्टार ऋषभ के प्रशंसक बेहद खुश और उत्साहित हैं। बतौर निर्देशक संदीप की ये दूसरी फिल्म है। ऋषभ ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का पोस्टर साझा किया और लिखा, "हमारा सम्मान और विशेषाधिकार, भारत के महानतम योद्धा राजा - भारत के गौरव की महाकाव्य गाथा प्रस्तुत है।" इसके साथ ही ऋषभ ने बताया कि फिल्म 21 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी शिवाजी की बायोपिक निर्देशक के तौर पर यह संदीप की पहली फीचर फिल्म होगी। इस प्रोडक्शन में महान योद्धा राजा की कहानी को पर्दे पर लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय तकनीकी और बेहतरीन ग्रॉफिक्स का इस्तेमाल किया जाएगा। ऋषभ शेट्टी निर्देशक संदीप की फिल्म ₹द प्राइड ऑफ भारतः छत्रपति शिवाजी महाराज₹ में छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आएंगे। ऋषक्ष शेट्टी ने कहा, ₹छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका निभाना शब्दों से परे सम्मान की बात है। वे एक राष्ट्रीय नायक हैं जिनका प्रभाव इतिहास से परे है और मुझे उनकी कहानी को स्क्रीन पर लाने में बहुत गर्व महसूस होगा।₹ संदीप सिंह ने टोरंटो टाइटल, बॉक्सिंग बायोपिक "मैरी कॉम" में उन्होंने सह-निर्माता के रूप में काम किया। इसके अलावा संदीप ने "अलीगढ़" और स्लम सॉकर फिल्म "झुंड" सहित कई फिल्मों का निर्माण किया है। उन्होंने जी 5 स्ट्रीमिंग ओरिजिनल, ट्रांसजेंडर-थीम वाली "सफेद" के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत की थी।

### छॉलीवुड

# सिंगर नितिन और शर्मिला का सोशल मैसेज देने वाला नया गीत 'चँदा रे'



गायक, संगीतकार और अभिनेता नितिन दुबे अपना नया एलबम 'चँदा रे 2' लेकर आए हैं जिसमे उनके साथ गायन और अभिनय किया है गायिका शर्मिला विश्वास ने। इस गीत को सनत ने लिखा है एवं इस गीत के संगीतकार नितिन दुबे हैं। 'चँदा रे 2' 30 नवंबर को नितिन दुबे ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर और सभी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर वर्ल्डवाइड रिलिज़ हुआ है। रिलिज़ होते ही इस गीत को दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। ₹चँदा रे 2₹ गीत नितिन दुबे के सुपरहिट गीत चँदा रे का सीक्वल है। इस गीत के वीडियो में आज के युवाओं को जागृत करते हुए गुंडागर्दी के खिलाफ एक मैसेज दिया गया है और मेहनत करके अपनी जीविका चलाने के लिए प्रेरित किया गया है। अक्सर नितिन दुबे अपने गीत संगीत में कुछ नया करते हैं जिसके कारण उनके लगभग हर गीत सुपरहिट होते हैं इस बार उन्होंने 'चँदा रे 2' में युवा वर्ग को एक मैसेज देने वाला गीत बनाया है। अक्सर गायक गीत गाते हैं, संगीतकार संगीत देते हैं, अभिनेता अभिनय करते हैं,लेखक कहानी और संवाद लिखते हैं और निर्देशक निर्देशन करते हैं ।

## भारतीय सुपरमॉडल्स

लाइफ स्टाइल



फैशन की दुनिया की बात निकलती है तो आज यह तथ्य गौरवान्वित करता है कि भारतीय सुपरमॉडल्स ने वैश्विक रनवे पर अपनी जगह बनाई है और अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। मुख्य रूप से अवंति नागरथ, नमन नामोलिया और किरणदीप चहल की ज्यादा चर्चा है। इन सभी ने सामने आई चुनौतियों से उबर कर अपनी जगह बनाई। इन सुपर मॉडल्स की गिनती आज दुनिया के चुनिंदा मॉडल में होती है।

# दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी, इन डिजाइंस को करें ट्राई



फैशन



सूट के डिजाइन को चुनने से पहले अपनी बॉडी शेप को समझना बेहद जरूरी होता है और उसी हिसाब से ही आपको अपने लुक को स्टाइल भी करना चाहिए। सलवार-सूट पहनने में सबसे कम्फ़र्टेबल होते हैं। इस बात से हम सभी वाकिफ हैं। वहीं इसके कई डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन इसे स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं ताकि आप अपने लुक को आकर्षक बना पायें।

खासतौर से हम सूट में अपनी हाइट को लम्बा दिखाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको अपनी बॉडी शेप के अनुसार सही सूट के डिजाइन को चुनना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट

लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।

### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है।

# ब्लैकहेड्स से हैं परेशान तो लें नींबू का सहारा, मिलेगी दमकती त्वचा



ब्लैकहेड्स की वजह से स्किन की खूबसूरती में दाग लग जाता है। अगर इसके कारण की बात करें तो ब्लैकहेड्स सीबम के निर्माण के कारण होता है, जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। ऐसे में कई बार लोग ब्लैकहेड्स को नोंच कर निकाल देते है, जो त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे चेहरे पर निशान पड़ जाते हैं और रोमछिद्र बड़े हो सकते हैं। आप चाहें तो ब्लैकहेड्स पर डायरेक्ट नींबू का रस लगा सकते हैं। इसके लिए सीधे नींबू का रस निकालें और उसे ब्लैकहेड्स पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट छोड़ें और फिर हल्का मसाज करके धो दें। इसके लिए एक छोटे चम्मच नींबू का रस और एक छोटी चमच्च शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को ब्लैकहेड्स वाली त्वचा पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद गर्म पानी से धो दें। नींबू के रस में थोड़ा सा चीनी और बेसन मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें। इस स्क्रब में आप चाहें को थोड़ा का गुलाब जल डाल सकते हैं। अब इससे ब्लैकहेड्स पर मसाज करें और फिर उसे धो दें। अंडे की सफेदी ब्लैकहेड्स को हटाने में काफी कारगर रहती है। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडे की सफेदी और आधे नींबू के रस को मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

# सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, पार्टी में सिर्फ आप पर रहेंगी सभी की नजरें



हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं। आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

-ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है। गर्मियों में जिस कल की नेलपॉलिस आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है।

# कोट की असल लंबाई और फिटिंग होनी चाहिए कितनी? जानिए एक्सपर्ट से



कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए सूट की सही लेंथ और फिटिंग के बारे में जान लीजिए, आपके लिए ये काफी काम की फैशन टिप्स साबित होगी-

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं।

### ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

## कार्नर न्यूज

## मौसम को ध्यान में रखते हुए अपनाएं पहनावा

# सर्दी के लिए ऐसे चुनें जिमवियर, एक्सरसाइज करने के दौरान आपकी स्टाइल रहेगी मेंटेन

सर्दी में वैसे भी स्टाइल गड़बड़ हो जाती है। अब इस पर भी जिम के कपड़े हों तो मामला और कठिन ही होता है, मगर कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाए तो सर्दी के जिम वियर में भी आप पर्फेक्ट ही दिखेंगे।


जिम वियर में भी स्टाइल में रहना है तो आपको ये टिप्स फॉलो करने होंगे। इन टिप्स के साथ आप 'आउट ऑफ फैशन' कभी नहीं होंगे। इन टिप्स पर नजर डाल लेते हैं-

### स्पेशल हुडी लेयरिंग से बनिए स्टाइल पर्फेक्ट

लेयरिंग के साथ जिम के कपड़ों में भी स्टाइल का तड़का लगाया जा सकता है। वैसे भी सर्दी में लेयरिंग फैशन का सबसे कारगर फंडा होती है। इसके लिए पहली लेयरिंग कुछ ऐसी पहनिए जो फिटिंग वाली हो। इसके ऊपर से जॉगर्स और हुडी पहनिए। इसके ऊपर से आप कुछ स्टाइलिश जिम वाली जैकेट पहन सकते हैं।

### ये रंग करेंगे कमाल

सर्दी में जिम वियर भी ऐसे चुनें, जिनके रंग म्यूटेड हों। ऐसे रंगों को सिर्फ कपड़ों में नहीं बल्कि जिम एक्सेसरीज में भी इन्हीं रंगों को चुनें। म्यूटेड कलर वो होते हैं जो



ब्राइट नहीं होते हैं बल्कि हल्के डल से होते हैं और अच्छे भी लगते हैं।

### सर्दी के कपड़ों में भी फिटिंग

ज्यादातर बार ये होता है कि सर्दी के कपड़ों में लोग लुक्स तो देखते हैं लेकिन फिटिंग पर ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन जिम वियर की बात आए तो इनमें फिटिंग देखना जरूरी हो जाता है। बैगी स्टाइल के कपड़े जिम के लिए बिल्कुल भी नहीं हैं। जिम वियर के फैशन में इन रहना है तो आपको फिटिंग वाले कपड़े ही पहनने होंगे।

### जॉगर्स सेट और कार्गो पैंट्स हैं जरूरी

जॉगर्स सेट आजकल के समय का ट्रेंड है। ये एक ऐसा ट्रेंड है जिसे बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी फॉलो करते हैं। इनकी पैंट में एंकल ग्रिप होती है, जिससे काफी स्टाइल मिल जाती है। वहीं कार्गो पैंट्स भी कमाल करती हैं और ज्यादातर बॉडी टाइप पर सूट करती ही हैं। ये दोनों ही स्टाइल इंडोर और आउटडोर वर्कआउट के लिए काम करते हैं।

### स्पेशल हुडी

बाजार में ऐसी कई हुडी मिलती हैं जिनमें खास मटेरियल का इस्तेमाल किया जाता है। ये वो हुडी होती हैं सर्दी से तो बचाती ही हैं वर्कआउट के दौरान आने वाले पसीने को भी सोखती रहती है। इसमें बाहर और अंदर दो अलग तरह के मटेरियल लगे होते हैं।

